हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 11 दिसंबर 2024




## खबर संक्षेप

### बाबा बैद्यनाथ में हुई शिवलिंग से छेड़छाड़



**रांची/देवघर।** विश्व प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ के शिवलिंग और अरघा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर तस्वीर साझा की है। प्रशासक सह-उपायुक्त विशाल सागर के निर्देश पर मंदिर के प्रभारी एसडीओ रवि कुमार ने जांच की। रिपोर्ट के आधार पर मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त के सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों को वापस ले लिया है। वहीं, मंदिर कर्मी हरिलाल पांडेय को निलंबित कर दिया है।

### एसईसीआर के जीएम होंगे तरुण प्रकाश

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के अगले महाप्रबंधक तरुण प्रकाश होंगे। जोन की वर्तमान महाप्रबंधक नीनू इटियेरा 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने जा रही हैं। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद बिलासपुर एसईसीआर मुख्यालय में महाप्रबंधक का पद खाली हो जाएगा। इसे देखते हुए रेलवे बोर्ड के ज्वाइंट सेक्रेटरी विक्रम सिंह दाहिया ने एक आदेश जारी करते हुए 1988 बैच के अधिकारी और वर्तमान में रेलवे बोर्ड में प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एसएंडटी के पद पर पदस्थ तरुण प्रकाश को एसईसीआर बिलासपुर जोन का महाप्रबंधक नियुक्त किया है।

**छग ऑटोमोबाइल में बूम**

**देश में सबसे ज्यादा 18.57 फीसदी की ग्रोथ**

छत्तीसगढ़ ने इस साल वाहन बिक्री के मामले में इतिहास रच दिया है। अपने राज्य ने बिक्री की ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि जनवरी से नवंबर तक देश में सबसे ज्यादा 18.57 फीसदी की ग्रोथ के साथ छत्तीसगढ़ नंबर वन हो गया है। बीते साल जनवरी से दिसंबर तक छत्तीसगढ़ में 564443 वाहन बिके थे, जबकि इस साल जनवरी से नवंबर तक ही 669285 वाहन बिके हैं।

# वाहन बिक्री में ऐसी छलांग कि छग बन गया नंबर वन, महाराष्ट्र और उप्र को भी पीछे छोड़ा

**जनवरी से नवंबर तक प्रदेश में बीते साल से 18.57 फीसदी ज्यादा बिके वाहन**


राजकुमार ग्वालानी ▶▶| रायपुर

अलग खबर

यह आंकड़ा दिसंबर में और ज्यादा हो जाएगा। दूसरे नंबर पर पुडुचेरी और तीसरे नंबर पर अरुणाचल प्रदेश है। देश में सबसे ज्यादा वाहन बेचने वाले उप्र और महाराष्ट्र जैसे राज्य भी ग्रोथ में छत्तीसगढ़ से काफी पीछे हैं। उप्र की ग्रोथ जहां महज 1.80 फीसदी है, वहीं महाराष्ट्र की 3.73 फीसदी है। देश के 17 राज्यों की ही ग्रोथ ही ज्यादा हुई है, जबकि 18 राज्यों की ग्रोथ पहले से कम हुई है। अपने प्रदेश में ▶▶| शेष पेज 4 पर

**वाहन खरीदी में ग्रोथ**

- छत्तीसगढ़ में 18.57 ग्रोथ
- महाराष्ट्र में 3.73 ग्रोथ
- उत्तर प्रदेश में 1.80 ग्रोथ




**नवंबर ने रचा इतिहास**

*अक्टूबर का माह आटोमोबाइल सेक्टर के लिए सबसे ज्यादा अच्छा रहा। इस एक ही माह में नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र और धनतेरस होने के कारण सबसे ज्यादा वाहन बिके। बीते साल दीपावली नवंबर में होने के* ▶▶| शेष पेज 4 पर

**ठहराव, गिरावट**

*वृद्धि के बीच अगस्त में जुलाई के मुकाबले ग्रोथ कम हो गई, लेकिन फिर भी यह बीते साल से 20.25 फीसदी ज्यादा रही। सितंबर का माह ही एक ऐसा माह* ▶▶| शेष पेज 4 पर

**हमारे राज्य की ग्रोथ ज्यादा**

*देश के जिन राज्यों में इस साल वाहन बिक्री की ग्रोथ हुई है, उसमें हमारा राज्य छत्तीसगढ़ सबसे ज्यादा ग्रोथ के साथ पहले नंबर पर है।*

*- विवेक गर्ग, अध्यक्ष, फाड़ा छत्तीसगढ़*

**किस राज्य में कितने वाहन बिके और कितनी रही ग्रोथ**

| राज्य | 2024 | 2023 | ग्रोथ |
|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ | 669285 | 564443 | 18.57 |
| पुडुचेरी | 61775 | 55381 | 11.55 |
| अरुणाचल | 33829 | 33884 | 9.54 |
| हरियाणा | 912053 | 836457 | 9.04 |
| पं. बंगाल | 1085685 | 1002339 | 8.32 |
| मप्र | 1563048 | 1497850 | 4.35 |
| त्रिपुरा | 58928 | 56647 | 4.03 |
| महाराष्ट्र | 2659380 | 2563694 | 3.73 |
| हिमाचल | 132053 | 127475 | 3.59 |
| ओडिशा | 760152 | 740121 | 2.71 |
| राजस्थान | 1563244 | 1524110 | 2.57 |
| बिहार | 1314628 | 1288310 | 2.04 |
| उप्र | 3506696 | 3444648 | 1.80 |

**17 राज्यों में ही ग्रोथ**

बीते साल से ज्यादा वाहन बेचकर ग्रोथ करने वाले देश के 17 राज्य ही है। इसमें छत्तीसगढ़ पहले नंबर पर है। उप्र वाहन बेचने के मामले में पहले नंबर पर वहां पर 35 लाख से ज्यादा वाहन बिके हैं, लेकिन ग्रोथ के मामले में वह टॉप टेन में भी नहीं है। उसका ग्रोथ में नंबर 13वां नंबर है। वाहन बेचने के मामले में महाराष्ट्र दूसरे नंबर पर ▶▶| शेष पेज 4 पर

**कैट के आदेश को दी गई थी चुनौती**

# आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की केंद्र की याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के बर्खास्त आईपीएस जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कैट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने इससे पहले आय से अधिक संपत्ति, राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग केस को राजनीति से प्रेरित मानकर खारिज कर दिया था, इसी आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने भी राहत दी है।

दरअसल, 30 अप्रैल को छत्तीसगढ़ पुलिस के सीनियर अधिकारी आईपीएस जीपी सिंह को केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण से बड़ी राहत मिली थी। कैट ने 4 सप्ताह में जीपी सिंह से जुड़े सभी मामलों को निराकृत कर बहाल किए जाने का आदेश दिया था। कैट के फैसले के बाद राज्य शासन ने उन्हें फिर से बहाल करने के लिए केंद्र सरकार से अनुशंसा की, ▶▶| शेष पेज 4 पर

### राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग के तीन अलग-अलग केस

आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति, राजद्रोह और ब्लैकमेलिंग के तीन अलग-अलग केस दर्ज किया गया था, जिसमें उनकी गिरफ्तारी भी हुई थी। उन्हें लंबे समय तक जेल में भी रहना पड़ा था, जिस पर केंद्र सरकार ने उन्हें बर्खास्त कर अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी। वहीं, जीपी सिंह ने अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक केस को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। केस की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र अग्रवाल की बेंच ने उनके खिलाफ दर्ज तीनों एफआईआर को निरस्त कर दिया है।

# पहली बार चला रहा था ईवी बस, सात की मौत

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी के कुर्ला इलाके में सात लोगों को कुचलने वाली बेस्ट बस के चालक को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चलाने का कोई अनुभव नहीं था। वह पहली बार ईवी बस चला रहा था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में बस चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया ▶▶| शेष पेज 4 पर



### इधर, ट्रक-वैन की टक्कर, सात की मौत

**हाथरस।** हाथरस और सिकंदराराऊ के मध्य ट्रक और वैन के बीच हुई टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई। हादसे में 14 अन्य जख्मी हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। यह दुर्घटना हाथरस जंक्शन थाने के तहत आने वाले जैतपुर गांव में हुई, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई। इसमें तीन पुरुष, तीन महिलाएं और एक बच्चा शामिल है।

### राज्यों ने रद्द किए 5.97 करोड़ राशन कार्ड



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने 'उचित लक्ष्य' को हासिल करने के लिए 2013 से 5.97 करोड़ राशन कार्ड रद्द किए हैं। राज्यसभा में खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया ने यह जानकारी दी।

### नौकरी का जश्न से लौटते वक्त चार दोस्तों की मौत



**लातूर।** महाराष्ट्र के बीड जिले में एक दोस्त के राज्य रिजर्व पुलिस बल में चयन हो जाने पर जश्न मनाकर लौट रहे चार युवकों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस हादसे में बालाजी शंकर माने (27), दीपक दिलीप सावरे (30) और फारुख बाबू मिया शेख (30) की मौके पर ही मौत हो गई।

### बाइक पर पलटा ट्रक, परिवार के तीन सदस्यों की मौत



**कोटा।** झालावाड़ जिले में पशुओं के चारे से भरे एक ट्रक के बाइक पर पलट जाने से उस पर सवार 60 वर्षीय एक व्यक्ति, उसकी बेटी और नाती की मौत हो गई। मोहनलाल और उनकी बेटी मंजूबाई (26) और मंजूबाई का बेटा रुद्राक्ष (7) झालावाड़ की ओर आ रहे थे। तभी एक मोड़ पर ट्रक का संतुलन बिगड़ गया।






बेंगलुरू की घटना
वीडियो में साझा किया दर्द

# पत्नी-सास की प्रताड़ना, जज ने भी मांगे पैसे, परेशान इंजीनियर ने किया सुसाइड

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

पत्नी व सास की प्रताड़ना से तंग आकर कर्नाटक के बेंगलुरु में एक एआई इंजीनियर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। उसने अपने पीछे 24 पेज का सुसाइड नोट भी छोड़ा है। मृतक इंजीनियर अतुल सुभाष ( 34 साल) ने 9 दिसंबर को 1:20 घंटे का वीडियो और 24 पेज का लेटर जारी कर कहा है कि उनके पास आत्महत्या के सिवा कोई उपाय नहीं बचा है। अतुल ने उत्तर प्रदेश के जौनपुर की एक जज पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपने लेटर में लिखा है कि जज ने मामले को रफा-दफा करने के नाम पर 5 लाख रुपए मांगे थे। अतुल ने यह भी लिखा कि उनकी पत्नी, सास और जौनपुर की जज ने उन्हें सुसाइड करने को कहा था। मूल रूप से बिहार के अतुल सुभाष का शव बेंगलुरु के मंजूनाथ लेआउट में उनके फ्लैट से बरामद हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**लेटर में राष्ट्रपति के नाम भी नोट लिखा**

अतुल ने 24 पेज के लेटर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम भी एक लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की खामियों के बारे में लिखा और पुरुषों के खिलाफ झूठे केस दर्ज कराने के ट्रेंड के बारे में बताया। एक अन्य नोट में उन्होंने लिखा कि वे अपनी पत्नी की तरफ से दायर कराए गए सभी मामलों के लिए खुद को निर्दोष बता रहे हैं। इनमें दहेज प्रतिरोध कानून और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार का केस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मैं कोर्ट से रिक्वेस्ट करता हूं कि इन झूठे केसों में मेरे माता-पिता और भाई को परेशान करना बंद करें।



**पत्नी ने 3 करोड़ मांगे कहा- तुम आत्महत्या क्यों नहीं कर लेते**

अतुल ने कहा कि मेरी पत्नी ने ये केस सेटल करने के लिए पहले 1 करोड़ रुपए की डिमांड की थी, लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए कर दिया। उन्होंने कहा कि जब इस 3 करोड़ रुपए की डिमांड के बारे में उन्होंने जौनपुर की फैमिली कोर्ट की जज को बताया तो उन्होंने भी पत्नी का साथ दिया। अतुल ने कहा कि मैंने जज को बताया कि एनसीआरबी की रिपोर्ट बताती हैं कि देश में बहुत सारे पुरुष झूठे केस की वजह से आत्महत्या कर रहे हैं, तो पत्नी ने बीच में कहा कि तुम भी आत्महत्या क्यों नहीं कर लेते हो। इस बात पर जज हंस पड़ी और कहा कि ये केस झूठे ही होते हैं, तुम परिवार के बारे में सोचो और केस को सेटल करो। मैं केस सेटल करने के 5 लाख रुपए लूंगी।

## पत्नी और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज

*सॉफ्टवेयर इंजीनियर अतुल की आत्महत्या के मामले में मंगलवार को पत्नी और उसके परिजनों के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सुभाष ने 24 पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उन्होंने अपनी पत्नी, उसके रिश्तेदारों और उत्तर प्रदेश की एक न्यायाधीश पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है।*

## खबर संक्षेप

### ‘मैं अदाणी से कभी नहीं मिला’ हो जेपीसी जांच



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बताया कि उन्होंने उद्योगपति गौतम अदाणी से कभी मुलाकात नहीं की। स्टालिन ने सवाल किया कि क्या भाजपा और उसकी सहयोगी पीएमके अदाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति जांच के लिए तैयार हैं। विस में पीएमके नेता जीके मणि की ओर से उठाए गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए स्टालिन ने कहा कि उनका उस उद्योगपति (अदाणी) से कोई संबंध नहीं है।

### भ्रष्टाचार : पहली बार गवाही देंगे नेतन्याहू



**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू भ्रष्टाचार के आरोपों में पहली बार कोर्ट में गवाही देने के लिए पेश होंगे। उन पर इजराइल में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन मामलों में मुकदमा चल रहा है। नेतन्याहू ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है।

*बीजेपी ने की कांग्रेस और उद्योगपति सोरोस के मामले पर जांच की मांग*

# सोरोस के मुद्दे पर फिर हंगामा दिनभर नहीं हुआ कामकाज

**कांग्रेस का कहना- भाजपा लगा रही झूठे आरोप**

**दोनों सदन की कार्यवाही करनी पड़ी स्थगित**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद में मंगलवार को भी अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस के मुद्दे पर हंगामा देखने को मिला। राज्यसभा और लोकसभा में इस मुद्दे पर हुए हंगामे के कारण पूरे दिन के लिए दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इससे पहले कांग्रेस सांसदों ने सोमवार को पोस्टरों से प्रदर्शन किया था। मंगलवार को संसद में पोस्टर वाले प्रदर्शनों पर लोकसभा अध्यक्ष खफा नजर आए और उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर की। इस पर विपक्ष हंगामा करने लगा, जिसके बाद लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। संसद में इससे पहले सोमवार को सत्ता पक्ष के सांसदों की ओर से कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पर जॉर्ज



सोरेस के साथ संबंधों का बात कहने और जांच की मांग पर सदन में खासा हंगामा रहा। इस कारण लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। राज्यसभा और लोकसभा में आज भी बीजेपी ने अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस के मुद्दे को उठाया, जिसका कांग्रेस ने खंडन किया। कांग्रेस ने कहा कि नेता सदन ने जो कुछ भी कहा है, वह पूरी तरह से सतही, गलत और आधारहीन है। हम इसका खंडन करते हैं। इसके बाद कांग्रेस ने अन्य मुद्दे पर बहस की मांग की, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया। हंगामा बढ़ता देखा, लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

### विपक्ष देश अस्थिर करने में जुटा : नड्डा

जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष देश को अस्थिर करने में जुटा हुआ है। कई रिपोर्टों से ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिनपर संसद में बहस होनी चाहिए। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। इस पर विपक्षी सांसद सदन में हंगामा करने लगे।

### विपक्षी सांसदों पर भड़के बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में विपक्षी सांसदों के प्रदर्शन पर नाराजगी जताते हुए कहा, ‘मैं देख रहा हूं कि संसद परिसर में जिस प्रकार का प्रदर्शन किया जा रहा है नारे, पोस्टरों, मुकुटों का प्रयोग किया जा रहा है, वो न सिर्फ अशोभनीय है, संसदीय परंपराओं के अनुरूप भी नहीं है।

## ‘मोदी-अदाणी भाई-भाई’ लिखा बैग लेकर संसद पहुंचीं प्रियंका



*वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी संसद में ‘मोदी अडानी भाई भाई’ लिखा बैग लेकर पहुंची। उनके बैग को देखकर राहुल गांधी का रिएक्शन भी सामने आया है। उन्होंने प्रियंका गांधी के बैग को देखकर कहा कि यह काफी क्यूट है। इस दौरान प्रियंका ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सदन की कार्यवाही नहीं चल पा रही है, हम डिबेट में हिस्सा नहीं ले पा रहे हैं। “वे (भाजपा) अदाणी मुद्दे पर चर्चा करने से डर रहे हैं। मैं संसद में नई हूं, लेकिन अभी तक प्रधानमंत्री संसद में नहीं दिखे। हमें यह मुद्दा क्यों नहीं उठाना चाहिए?’‘उन्हें यहां बस तमाशा करना है फिर छुट्टी मनाने विदेश जाना है।’संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित होने पर कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, “जब भाजपा सरकार ही सदन को चलने नहीं दे रही है तो कोई क्या करेगा? वे झूठे आरोप लगा रहे हैं। सोनिया गांधी सोरोस को नहीं जानतीं।’*

हिंदुओं पर हिंसा के खिलाफ 200 से ज्यादा संगठनों ने निकाला मार्च

# बांग्लादेशी उच्चायोग के बाहर लोगों का गुस्सा फूटा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ बांग्लादेश दूतावास पर दिल्ली की सिविल सोसाइटी व दिल्ली के 200 से अधिक विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के सहयोग से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों और मानवाधिकारों के उल्लंघन के खिलाफ बांग्लादेश दूतावास पर विरोध मार्च किया गया। बांग्लादेश के उच्चायोग के बाहर दिल्ली में बड़ी संख्या में हिंदू संगठनों के लोग जुटे हैं। इन लोगों ने डिमांड की है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को तुरंत रोका जाए और ऐसा करने वालों के खिलाफ ऐक्शन हो। यह प्रदर्शन दिल्ली स्थित बांग्लादेशी उच्चायोग के बाहर हो रहा है। इसमें सैकड़ों लोग जुटे हैं, जो विभिन्न हिंदू संगठनों के आह्वान पर पहुंचे हैं। इस दौरान लोगों ने हिंदुओं की हत्या बंद करो-बंद करो और इस्कॉन के संतों को रिहा करो जैसे नारे लगाए।

### एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्थाएं भी कुछ नहीं बोल रहीं

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसी संस्थाएं भी हिंदुओं पर भीषण अत्याचार के खिलाफ कुछ नहीं बोल रहीं। आंदोलन में शामिल लोग किसी एक संगठन के आह्वान पर नहीं जुटे बल्कि अलग-अलग हिंदू संस्थाओं की ओर से आए थे। इसके अलावा बड़ी संख्या में सिविल सोसायटी के लोग भी शामिल हैं। इससे पहले मुंबई में भी बांग्लादेश के कौंसुलेट के बाहर प्रदर्शन हुआ था और हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार पर ऐक्शन की मांग की गई थी।

**दोनों नेताओं ने कहा भारत-रूस के बीच साझेदारी में अपार संभावनाएं**

# पुतिन से मिले राजनाथ, रक्षा सहयोग के मुद्दों पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶| मास्को



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारत-रूस अंतर-सरकारी सैन्य एवं सैन्य सहयोग आयोग (आईआरआईजीसी-एमएंडएमटीसी) के 21वें सत्र के अवसर पर मास्को में रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

दोनों नेताओं ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी में अपार संभावनाएं हैं और संयुक्त प्रयास उल्लेखनीय परिणामों का मार्ग प्रशस्त करेंगे।बैठक के दौरान राजनाथ सिंह ने कहा, ‘हमारे देशों के बीच मित्रता सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची और सबसे गहरे महासागर से भी गहरी है। भारत हमेशा अपने रूसी मित्रों के साथ खड़ा रहा है और भविष्य में भी ऐसा करता रहेगा।’ रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, राजनाथ सिंह ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की. दोनों नेताओं ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी में अपार संभावनाएं हैं और संयुक्त प्रयास उल्लेखनीय परिणामों का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

### एस-400 ट्रायम्फ की आपूर्ति में तेजी लाने का आग्रह किया

इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूस से एस-400 ट्रायम्फ सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली की दो शेष इकाइयों की आपूर्ति में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने मॉस्को में अपने रूसी समकक्ष एंड्री बेलौसोव के साथ व्यापक वार्ता की। बैठक में सिंह ने विभिन्न सैन्य हार्डवेयर के संयुक्त उत्पादन में रूसी रक्षा उद्योगों के लिए भारत में नए अवसरों को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि भारत-रूस संबंध बहुत मजबूत हैं और इसने विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी की जिम्मेदारियों को पूरा किया है। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सिंह ने एस-400 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली की दो शेष इकाइयों की शीघ्र डिलीवरी के लिए जोरदार वकालत की. रूस ने मिसाइल सिस्टम की पहली तीन रेजिमेंट की आपूर्ति पूरी कर ली है। यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर शेष इकाइयों की आपूर्ति में देरी हुई है।

# तुर्की का सीरिया के उत्तरी हिस्से मनबिज पर कब्जा

*तख्तापलट के बाद कई देशों ने दिखाई ताकत*

एजेंसी ▶▶| डमस्कस



सीरिया में विद्रोहियों के कब्जे और तख्तापलट के बाद विदेशी ताकतों का दखल बढ़ गया है। तुर्की, इजरायल और अमेरिका जैसे देश अपना दबदबा बढ़ाने में जुट गए हैं। तुर्की ने तो उत्तरी सीरिया के मनबिज इलाके पर कब्जा कर लिया है। तुर्की की रिबेल फोर्स ने कुर्दिश सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स (एसडीएफ) को हराते हुए यह इलाका अपने कब्जे में लिया। 2016 में आईएसआईएस को हराने के बाद एसडीएफ ने इस क्षेत्र पर कब्जा किया था। तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप एर्दोगन कहा कि अब इस इलाके से आतंकियों का सफाया हो गया है। इधर, इजराइल ने राजधानी दमिश्क के पास 100 से ज्यादा मिसाइल हमले किए हैं। अलजजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यह हमले बरजाह साइंटिफिक रिसर्च सेंटर के पास हुए, जिसे रासायनिक हथियारों का ठिकाना माना जा रहा है।

### सड़कों पर विद्रोही जश्न मनाते नजर आए



राष्ट्रपति बशर अल-असद पिछले दिनों देश छोड़कर रूस भाग गए थे। विद्रोहियों के तख्तापलट के बाद नागरिक राष्ट्रपति भवन में घुस गए और वहां लूटपाट की।
दमिश्क की सड़कों पर विद्रोही जश्न मनाते नजर आए।

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS
शिव मस्सा नाशक

**सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान मंगाया ब्योरा**

# बहुसंख्यकों की मर्जी से चलेगा देश... हाईकोर्ट जज का विवादित बयान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस शेखर कुमार यादव द्वारा रविवार को विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दिए गए विवादित भाषण के बारे में रिपोर्टों पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से भाषण का ब्यौरा मांगा है। कोर्ट की तरफ से जारी एक स्टेटमेंट में कहा गया, ‘सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के सीटिंग जज जस्टिस शेखर कुमार यादव द्वारा दिए गए भाषण की अखबारों में छपी खबरों पर संज्ञान लिया है। हाई कोर्ट से जानकारी मांगी गई है और मामला विचाराधीन है।’ यह पूरा घटनाक्रम चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना को जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करने वाली शिकायतें मिलने के बाद हुआ है।



### सीजेएआर ने लिखा पत्र

सोमवार को सीपीआई नेता वृंदा करात और सीजेएआर ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को पत्र लिखकर जस्टिस यादव के भाषण पर चिंता जाहिर की। अपने पत्र में सीजेएआर ने जस्टिस शेखर कुमार यादव के खिलाफ इन हाउस जांच की मांग की है। इसने सीजेआई से आग्रह किया है। इस जांच को लंबित रहने तक जज से सभी कर्तव्यों को वापस ले लिया जाए।

### यह कहा था जस्टिस शेखर ने

जस्टिस शेखर यादव ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में कहा कि मुझे यह कहने में कोई भी झिझक नहीं है कि यह भारत है और यह भारत में रहने वाले बहुसंख्यकों की हिसाब से काम करेगा। यह कानून है। आप यह नहीं कह सकते कि आप हाईकोर्ट के जज होने के नाते ऐसा कह रहे हैं। कानून बहुमत के हिसाब से काम करता है। इसे परिवार या समाज के संदर्भ में देखें। केवल वही स्वीकार किया जाएगा जिससे बहुसंख्यकों का कल्याण और खुशी हो।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, रामातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सज्जन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# महाकुंभ...15 किमी लंबा घाट, 2000 टेंट सिटी, 45 करोड़ श्रद्धालु होंगे शामिल

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

12 बरस का इंतजार खत्म होने वाला है। प्रयागराज कुंभ का आगाज होने वाला है। यह महाकुंभ बेहद खास है। इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रायपुर पहुंचे यूपी सरकार के मंत्री सुनील कुमार शर्मा और संजय गोंड ने मीडिया को बताया कि महाकुंभ में 45 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। महाकुंभ के लिए 2100 करोड़ रुपए का अनुदान केंद्र सरकार दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाकुंभ में 13 जनवरी को शामिल होंगे। इसे डिजिटल महाकुंभ नाम दिया गया है। यहां पर एआई तकनीक की मदद से पूरी गिनती और जानकारी जुटाएंगे। कितने लोग महाकुंभ में शामिल होने आए, ये डेटा भी रखेंगे। महाकुंभ में आने वाले लोगों के हाथों में बैंड लगाएंगे। बैंड से उनकी जानकारी और सुरक्षा का भी प्रबंध किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर बैंड के जरिए ट्रैक भी किया जा सकेगा।

### 3 हजार स्पेशल ट्रेन चलेगी

महाकुंभ के दौरान देशभर के लोगों को सुविधा देने 3 हजार स्पेशल ट्रेन, 7 हजार बसें चलाई जाएंगी। यहां 5 लाख गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। सुरक्षा के लिहाज से यहां 50 हजार जवानों की तैनाती की गई है।



### नौ नए घाट

महाकुंभ प्रयागराज में 6 दिन शाही स्नान होगा, इसके लिए 15 किलोमीटर लंबा घाट तैयार किया गया है। इनमें 9 नए घाट और 35 का नवीनीकरण किया गया है। महाकुंभ मेले में छह शाही स्नान होंगे। पहला शाही स्नान 13 जनवरी को पौष पूर्णिमा, दूसरा शाही स्नान 14 जनवरी को मकर संक्रांति, तीसरा शाही स्नान 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, चौथा शाही स्नान 3 फ़रवरी को बसंत पंचमी, पांचवां शाही स्नान 12 फ़रवरी को माघ पूर्णिमा और आखिरी शाही स्नान 26 फ़रवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा।

**यूपी के मंत्री सुनील शर्मा और संजय गोंड आए रायपुर, बताया कैसा है इंतजाम**

### 10 लाख सफाई कर्मी

उन्होंने बताया कि महाकुंभ में आने वाले भक्तों के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। 45 करोड़ लोगों के आने-जाने और ठहरने के लिए 2 हजार से अधिक टेंट सिटी बनाया गया है। 55 हजार नल की टोटी लगाई गई। यहां डेढ़ लाख शौचालय बनाए गए हैं, हर दस शौचालय में सफाई कर्मी तैनात किए जाएंगे। कुल 10 लाख सफाई कर्मी यहां रहेंगे। स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए 3 एसटीपी बनाए गए हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से बैन रहेंगे, दोना-पत्ते का उपयोग होगा।

## योगी के मंत्रियों ने दिया न्योता, साय जाएंगे कुंभ



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ का निमंत्रण भेजा है। उनका निमंत्रण लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के दो मंत्री राजधानी रायपुर पहुंचे। यूपी के मुख्यमंत्री ने सभी छत्तीसगढ़ वासियों को भी इस महाकुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आमंत्रण लेकर आए यूपी के मंत्री सुनील कुमार शर्मा और संजय गोंड ने मंगलवार को मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात की और उन्हें आमंत्रण पत्र, गंगा जल और कुंभ का प्रतीक चिन्ह सौंपकर महाकुंभ में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने मुख्यमंत्री से आग्रह ▶▶|शेष पेज 4 पर

### कुंभ में शामिल होना सौभाग्य

सीएम साय ने कहा, महाकुंभ में शामिल होना सौभाग्य का विषय है। वे पहले भी कुंभ में शामिल होते रहे हैं, लेकिन इस बार का कुंभ विशेष है। हम महाकुंभ में जरूर आएंगे। छत्तीसगढ़ से महाकुंभ के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के भोजन एवं रहने-ठहरने की व्यवस्था के लिए महाकुंभ क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के लिए भूमि आरक्षित करने का अनुरोध भी किया है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पीएम जनधन के 11.30 करोड़ खाते निष्क्रिय



**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को बताया कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खोले गए कुल 54.03 करोड़ खातों में 11.30 करोड़ खाते निष्क्रिय हैं। इनमें 14,750.27 करोड़ रुपये की राशि शेष है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में यह जानकारी दी।

### महाकुंभ में एआई से लैस कैमरों से होगी गिनती



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं की सटीक गणना सुनिश्चित करने एआई से लैस कैमरे लगाए जाएंगे। प्रयागराज में कुंभ या महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सही संख्या गिनने की अभी तक कोई सटीक तकनीक नहीं थी।

### महतो झारखंड विस के निर्विरोध अध्यक्ष



**रांची।** झामुमो के रवींद्रनाथ महतो को निर्विरोध रूप से झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए। विधानसभा के चार दिवसीय सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महतो के नाम का प्रस्ताव रखा। झामुमो विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

### ओडिशा में 2014 से 857 हाथियों की मौत



**भुवनेश्वर।** ओडिशा में पिछले 11 वर्ष में 857 हाथियों की मौत हुई है। इनमें अप्राकृतिक मौत का प्रमुख कारण बिजली का झटका लगना है। वन मंत्री गणेश राम सिंहखुंटिया ने विस में बताया कि हाथियों की मौत के अन्य कारणों में बीमारियां, दुर्घटनाएं, अवैध शिकार भी हैं।

### कर्नाटक के पूर्व सीएम कृष्णा का निधन



**बेंगलुरु।** पूर्व विदेश मंत्री एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस.एम. कृष्णा का निधन हो गया। वरिष्ठ राजनेता एस.एम. कृष्णा (92) कुछ समय से बीमार थे। सोमनहल्ली मल्लैया कृष्णा के परिवार में उनकी पत्नी प्रेमा और दो बेटियां शांभवी एवं मालविका हैं।

**उपराष्ट्रपति पर विपक्ष ने लगाया पक्षपातपूर्ण आचरण का आरोप**

# धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस, टीएमसी का सदन से वॉकआउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

*उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा में अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश किया है। इस अविश्वास प्रस्ताव में कुल 60 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। इन सबके बीच दिलचस्प बात यह है कि इंडिया गठबंधन का हिस्सा कहे जाने वाली टीएमसी ने सदन से वॉकआउट कर दिया। ममता बनर्जी की पार्टी की तरफ से इस पर कोई भी फैसला नहीं लिया गया है।*

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों ने मंगलवार को राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ पर 'पक्षपातपूर्ण आचरण' का आरोप लगाते हुए उन्हें उपराष्ट्रपति पद से हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस सौंपा। विपक्ष का आरोप है कि धनखड़ द्वारा अत्यंत पक्षपातपूर्ण तरीके से राज्यसभा की कार्रवाई संचालित करने के कारण यह कदम उठाना पड़ा है। सदन में यदि इस प्रस्ताव को लाने की अनुमति मिलती है तो विपक्षी दलों को इसे पारित कराने के लिए साधारण बहुमत की जरूरत होगी, लेकिन फिलहाल उनके पास संख्या बल नहीं है। वर्तमान समय में राज्यसभा में कुल 243 सदस्य हैं और इसमें सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास बहुमत है। विपक्ष ने इस बात पर जोर दिया है कि उसके इस कदम के पीछे संसदीय लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ने का एक मजबूत संदेश है। संविधान के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### क्यों लिया गया है यह फैसला?

विपक्षी दलों और राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ के बीच बढ़ते मतभेदों के चलते यह कदम उठाया जा रहा है। इससे पहले वे अपने-अपने दलों के नेताओं से बात की। कांग्रेस और अन्य दलों का मानना है कि यह प्रस्ताव इंडिया गठबंधन को मजबूत करेगा। वर्तमान में गठबंधन के दल दोनों सदनों में अलग-अलग राय रखते हैं, जिससे एकता की कमी दिख रही है। यह प्रस्ताव एकता का संदेश दे सकता है।

### 60 सांसदों ने किए हस्ताक्षर, सोनिया, खड़गे, डेरेक के नहीं



### विपक्ष के पास पर्याप्त संख्या नहीं

दोनों सदनों की बात करें तो विपक्ष के पास जगदीप धनखड़ को हटाने के लिए पर्याप्त संख्या नहीं है। लोकसभा में उसके पास 543 सीटों में 236 सीटे हैं और राज्यसभा में 231 में केवल 85 सीट हैं। अभी तक कुल 60 सांसदों ने ही इसपर अपनी मुहर लगाई है।

### संविधान के किस आर्टिकल में है जिक्र

इस प्रस्ताव के लिए संविधान के अनुच्छेद 67(बी) के तहत 14 दिन का नोटिस देना होता है। प्रस्ताव पास होने के लिए राज्यसभा और लोकसभा दोनों में बहुमत चाहिए,जो विपक्ष के लिए मुश्किल है। कांग्रेस और अन्य दलों को लगता है कि इस प्रस्ताव से **INDIA** गठबंधन को एकजुट करने में मदद मिलेगी,जो अभी दोनों सदनों में बंटा हुआ है।

### अंपायर से उपराष्ट्रपति की तुलना

क्रिकेट मैच की शब्दावली का इस्तेमाल करते हुए रमेश का कहना था, वह एक अंपायर की भूमिका में हैं और एक अंपायर पक्षपात नहीं करता है... लेकिन यहां अंपायर ही पक्षपात ही कर रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया, सभापति नेता प्रतिपक्ष (मल्लिकार्जुन खड़गे) की बात नहीं सुन रहे हैं, वह सत्तापक्ष के सांसदों को हमारे सबसे वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक भाषा में आरोप लगाने की इजाजत दे रहे हैं और उन्हें ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।

### विपक्ष में तालमेल की कमी

इंडिया गठबंधन की पार्टियां, जिसमें कांग्रेस प्रमुख है, ने सभी के साथ मिलकर राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। हालांकि यहां विपक्ष में ही तालमेल में कमी दिखी। इंडिया घटक दल की प्रमुख साथी तृणमूल कांग्रेस ने इसपर कुछ न कहते हुए किनारा कर लिया है। ममता बनर्जी की पार्टी के सांसद अविश्वास प्रस्ताव के दौरान सदन से वाकआउट तर गए। पार्टी की तरफ से इस प्रस्ताव को समर्थन या इसके साथ खड़े रहने को लेकर कोई फैसला नहीं किया गया है।

## कुंभ के लिए छग से तीन स्पेशल ट्रेन, रायपुर से दो ट्रेन गुजरेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

13 साल बाद वाराणसी में महाकुंभ का मेला सजने जा रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए सभी राज्यों से बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। नियमित चलने वाली ट्रेनों में वेटिंग इन दिनों 100 से अधिक पहुंच गया है, जिसके कारण फ्लाइट के भी दाम अचानक से बढ़ गए हैं। कन्फर्म टिकट नहीं मिलने को लेकर यात्रियों की समस्या को हरिभूमि ने 8 दिसंबर के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी, जिसके बाद अब रेलवे बोर्ड ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को महाकुंभ को लेकर 3 ट्रेनों को चलाने का फैसला लिया है, जो अप और डाउन दोनों दिशा में चलेगी। बता दें कि इस स्पेशल ट्रेन में 1500 से अधिक यात्री सफर कर सकते हैं। तीन ▶▶|शेष पेज 4 पर

- **कुंभ मेला के पहले दिन भारी वेटिंग को लेकर यात्रियों की समस्या पर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर**

### 22 कोच के साथ चलेगी स्पेशल ट्रेन

कुंभ का मेला इस बार 13 जनवरी से 26 फरवरी तक रहेगा, जिसमें तीन स्पेशल ट्रेन की सुविधा जोन को मिलेगी। दो ट्रेन रायपुर से होकर गुजरेगी। पहली ट्रेन 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेला स्पेशल एवं 08253/08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन व्हाया बिलासपुर, कटनी, प्रयागराज के मार्ग से चलाई जा रही है। यह ट्रेन 22 कोच के साथ चलेगी। इसमें 4 सामान्य, 14 स्लीपर की सुविधा रहेगी।

## आश्रम में दूषित भोजन, एक छात्रा की मौत, नौ आईसीयू में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

हरिभूमि फॉलोअप

जिले में संचालित माता रुक्मिणी बालिका आश्रम धनोरा में पनीर खाने से बीमार हुए बच्चों में एक तीसरी कक्षा की बालिका शिवानी तेलम की मौत हो गई। चिकित्सकों का कहना है कि बच्चों को दिए गए खाद्य पदार्थ में अमानक तत्व हो सकते हैं, जो कि जांच का विषय है। वहीं, घटना के दूसरे दिन आश्रम के संचालक पद्मश्री धर्मपाल सैनी धनोरा आश्रम पहुंचे और बालिका आश्रम के 34 बच्चे फूड पॉइजनिंग के शिकार कैसे हुए, इस संबंध में जानकारी लेते हुए नजर आए। कहा जा रहा है कि पनीर खराब था या भोजन में छिपकली गिरी ▶▶|शेष पेज 4 पर

- **पनीर खराब था या छिपकली गिरी थी, जांच जारी**



### सिविल सर्जन बोले- अमानक हो सकते हैं खाद्य सामग्री


सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर ने बताया कि फूड पाइजिनिंग से 34 बच्चे अस्पताल में भर्ती है, जिसमें 9 बच्चे पीआईसीयू का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि खाद्य सामग्री में कुछ अमानक हो सकते हैं, यह जांच का विषय है।

## 10 राज्यों में शीतलहर, दक्षिण में बारिश, छत्तीसगढ़ में बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में एक तरफ बारिश से लोगों ने लोगों को परेशान कर रखा है, वहीं उत्तर भारत समेत 10 राज्यों में अब कोहरे और शीतलहर का डबल अटैक होने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दक्षिण भारत के तमिलनाडु, पुडुचेरी, और केरल सहित अन्य क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, उत्तर भारत में जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान सहित कई क्षेत्रों में शीतलहर की संभावना है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में बना दबाव अगले 24 घंटों में तमिलनाडु और श्रीलंका के तटों की ओर बढ़ सकता है।

- **उत्तर भारत में बर्फबारी और कोहरे का असर**



### इन राज्यों में बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग में बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक से दो दिनों में तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकाल में बारिश हो सकती है। वहीं, कोस्टल आंध्र प्रदेश, माहे और रॉयलसीमा में भी शुक्रवार तक बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में आने वाले गुरुवार और शुक्रवार को बारिश हो सकती है।

## 15 दिनों में डीएड अभ्यर्थियों को दें नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

बीएड और डीएड मामले में सुनवाई के दौरान शासन ने मंगलवार को 2855 अभ्यर्थियों की लिस्ट हाईकोर्ट में पेश की। कोर्ट ने शासन से पूछा कि आपको भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के लिए कितने दिन का और समय चाहिए। अंत में शासन को कोर्ट के आदेश पालन के लिए 15 दिन का समय स्वीकार करते हुए एकलपीठ ने ऐसा नहीं करने पर हाईकोर्ट ने कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि शासन की एसएलपी सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही खारिज कर दी है। इस कोर्ट ने भी अभ्यर्थियों की लिस्ट जारी कर पेश करने और प्रक्रिया पूरी करने कहा था। इसी सुनवाई ▶▶|शेष पेज 4 पर




**यूजीसी ने किया 6 बड़े बदलावों का ऐलान, अब पांच विषय में परीक्षा**

# किसी भी विषय से दें सीयूईटी, 12वीं में पढ़ा होना जरूरी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) 2025 से केवल कंप्यूटर आधारित परीक्षा के तौर पर आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को किसी भी विषय के लिए शामिल होने की अनुमति होगी, भले ही उन्होंने 12वीं में उस विषय की पढ़ाई नहीं की हो। यूजीसी के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने एक साक्षात्कार में कहा कि आयोग द्वारा गठित की गई विशेषज्ञों की एक समिति ने इस परीक्षा की समीक्षा की तथा कई बदलावों का प्रस्ताव किया। उन्होंने कहा, समिति ने परीक्षा के विभिन्न पहलुओं की जांच की, जैसे इसका स्वरूप, प्रश्न पत्रों की संख्या, परीक्षा की अवधि, पाठ्यक्रम और संचालन। ▶▶|शेष पेज 4 पर

**सीयूईटी यूजी में फेरबदल**

1. किसी भी विषय से दें सीयूईटी, 12वीं की स्ट्रीम या विषय मायने नहीं रखेंगे
2. सभी सीयूईटी यूजी परीक्षाओं के लिए 60 मिनट की समान अवधि होगी
3. वैकल्पिक प्रश्नों का सिस्टम खत्म होगा। सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।
4. सीयूईटी यूजी में विषयों की संख्या भी 63 से घटाकर 37 होगी।
5. पूरी सीयूईटी सीबीटी मोड में होगा। पिछले साल सीयूईटी हाईब्रिड मोड (पेन पेपर और कंप्यूटर बेस्ड दोनों) में हुआ था।
6. अब 6 की बजाय अधिकतम 5 विषयों में उपस्थित हो सकेंगे।



**अब सभी प्रश्न अनिवार्य:** सीयूईटी 2025 में बदलावों पर बोलते हुए कुमार ने कहा कि छात्र सीयूईटी यूजी के लिए अधिकतम 5 विषयों में उपस्थित हो सकेंगे, जबकि पहले यह सीमा 6 थी। इसी तरह परीक्षा की अवधि जो विषय के आधार पर 45 मिनट से 60 मिनट तक होती थी, अब सब विषयों की एक ही 60 मिनट होगी। परीक्षा में अब ऑप्शनल प्रश्न हटाए जाएंगे। अब सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे।

### 2022 में आया था सीयूईटी

सीयूईटी को पूरे भारत में विश्वविद्यालय एडमिशन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 2022 में शुरू किया गया था लेकिन इसको लागू करना का चुनौतियों से भरा रहा है। पहले साल में परीक्षा केंद्रों में अचानक परिवर्तन, तकनीकी गड़बड़ियां और काफी पेपरों का रद्द होना सहित लॉजिस्टिक विफलताएं देखी गईं, जिससे सितंबर तक परिणामों की घोषणा में देरी हुई। कई शिफ्टों में एग्जाम होने के चलते आए नॉर्मलाइजेशन ने असंतोष को और बढ़ा दिया। 2023 में आंसर-की में काफी गड़बड़िया देखने को मिली। सुधार के लिए 200 रुपए का शुल्क तक देना पड़ा। 2024 में नीट यूजी पेपर लीक के आरोपों ने सीयूईटी के परिणामों में और देरी की। लॉजिस्टिक कारणों दिल्ली में पहले हाइब्रिड-मोड टेस्ट को अचानक रद्द कर दिया गया जिसकी व्यापक आलोचना हुई।

## चिंतन

# ... क्या गतिरोध ही संसद की नियति?

संसद में फिर से गतिरोध कायम हो गया है। संविधान पर चर्चा को लेकर सरकार से सहमति के बाद विपक्ष की ओर से शीत सत्र में जारी गतिरोध को खत्म मान लिया गया था। लेकिन अवकाश के बाद सत्र शुरू होने पर कामकाज सामान्य नहीं हो सका। विपक्ष का हंगामा जारी ही रहा। संसद में अमेरिकी उद्योगपति जॉर्ज सोरोस के कांग्रेस से संबंध के भाजपा के आरोपों और अडाणी समूह के खिलाफ विपक्षी दलों के आरोपों सहित विभिन्न मुद्दों पर हंगामे के कारण मंगलवार को कार्यवाही बाधित रही तथा लोकसभा एवं राज्यसभा की कार्यवाही को एक-एक बार के स्थगन के बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। ऐसा शीत सत्र के शुरू होने के समय से हो रहा है कि किसी न किसी मुद्दे को लेकर संसद बाधित रही है। अब करीब दस दिन सत्र के बचे हुए हैं, इसमें अधिकाधिक कार्य होने की संभावना थी, वह भी क्षीण नजर आ रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संसद परिसर में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के विरोध प्रदर्शन के तौर-तरीकों और प्रतिपक्ष के बड़े नेताओं के आचरण से नाखुश नजर आए। लोकसभा बार-बार स्थगित करनी पड़ रही है, इससे अध्यक्ष खिन्न हैं। यह जरूरी है कि सभी सांसदों को संसद की गरिमा, मर्यादा और प्रतिष्ठा को बनाए रखना चाहिए। संसद के चलने से ही कामकाज आगे बढ़ेगा। कांग्रेस और भाजपा अपनी-अपनी राजनीति के लिए संसद सत्र में व्यवधान पैदा नहीं कर सकती हैं। संयोग से इस बार ऐसा हो रहा है। कांग्रेस अडाणी पर अटकी हुई है तो अब भाजपा जॉर्ज सोरोस के बहाने कांग्रेस पर निशाना साध रही है। इससे संसद के सत्र में खलल पैदा हो रही है। अभी जिस प्रकार सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच सत्र चलने को लेकर सहमति बनी और उसके अगले ही दिन भाजपा व कांग्रेस सोरोस व अडाणी मुद्दे पर उलझी नजर आईं, उससे लगता है कि दोनों ही पार्टियां नहीं चाहतीं कि संसद में अवरोध खत्म हो। क्या सत्र के दौरान ही राजनीति प्रभावी होती है? भाजपा कांग्रेस पर आरोप लगा रही है कि उसके कारण संसद नहीं चल रही है तो कांग्रेस समेत विपक्ष भाजपा को कटघरे में खड़ा कर रहा है कि उसके कारण सदन में कामकाज नहीं हो पा रहा है। जब से भाजपा नेता ने जॉर्ज सोरोस और सोनिया गांधी के कथित लिंक की बात कही है, तब से कांग्रेस बिफरी हुई है और हमलावर है। संसद की यह हालत है कि 'वाणिज्य पोत परिवहन विधेयक, 2024' हंगामे के बीच ही प्रस्तुत किया गया है। सदन में कांग्रेस सांसदों का मोदी व अडाणी का मुखौटा पहन कर आना व उन्हें राहुल गांधी का नाटकीय साक्षात्कार देना संसदीय गरिमा के लिहाज से शर्मनाक स्थिति है। विरोध के नाम पर संसद में कुछ भी नहीं किया जा सकता है। संसद दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सर्वोच्च प्रतिनिधि संस्था है। इस संस्था में लोगों की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा किया जाता है। सहमति-असहमति हमारे लोकतंत्र की परंपरा रही है, लेकिन विरोध जताने के लिए नारे, पोस्टर और मुखौटों का उपयोग संसदीय नियम प्रक्रियाओं और परंपराओं के अनुरूप भी नहीं है। आरोप-प्रत्यारोप करते रहने संसद सत्र सुचारू रूप से नहीं चलेगा, सत्ता पक्ष को लचीला रुख अपनाना चाहिए और कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों को संसदीय नियम का सम्मान करना चाहिए। संसद चलेगा तब ही दोनों पक्ष के सांसद अपनी बात रख सकेंगे। राज्यसभा के सभापति के खिलाफ विपक्ष का नोटिस भी नई परिघटना है। समन्वय और एक-दूसरे के मतों के सम्मान से ही संसद की प्रतिष्ठा व गरिमा बनी रहेगी।

# गठबंधन में दरार से कांग्रेस पर सवाल



**सियासत**
उमेश चतुर्वेदी

> तृणमूल और समाजवादी पार्टी के सवालिया रुख का संदेश साफ है। दोनों दलों ने एक तरह से राहुल गांधी को प्रधानमंत्री मोदी के बरक्स कमजोर मान लिया है। सपा ने यहां तक कह दिया है कि कांग्रेस अगर बेहतर प्रदर्शन करती तो मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री नहीं बन पाते। तृणमूल नेता ममता बनर्जी भी एक तरह से राहुल के नेतृत्व पर ही सवाल उठा चुकी हैं। ममता हों या समाजवादी पार्टी, उनके बदले रुख से साफ है कि अब कांग्रेस की अगुआई विपक्षी गठबंधन के दलों को मंजूर नहीं है। महाराष्ट्र में तो समाजवादी पार्टी बाकायदा गठबंधन से दूर हो चुकी है। इंडिया गठबंधन के दलों को अब लगने लगा है कि राहुल गांधी की अगुआई वाली कांग्रेस के नेतृत्व में उनका भविष्य दांव पर है।

लोकतांत्रिक राजनीति में छोटे दलों को साधना मेंढक तौलने जैसा कठिन कार्य है। सत्ता की चाबी तराजू पर संतुलन साधने में मेंढकों को बांधने के लिए जाल का काम करती है। सत्ता से कांग्रेस की बढ़ती जा रही दूरी की वजह से लगता है कि कांग्रेस के हाथ से वह जाल निकल गया है। इसका असर इंडिया गठबंधन की राजनीति पर दिखने लगा है। कांग्रेस को उसके सहयोगी छोटे दल आंख दिखाने लगे हैं। इंडिया गठबंधन में तीसरे सबसे बड़े दल तृणमूल की नेता ममता बनर्जी ने सीधे-सीधे विपक्षी गठबंधन की अगुआई करने की मंशा जाहिर कर दी है। ममता बनर्जी की इस घोषणा का ही शायद विपक्षी गठबंधन के दूसरे बड़े दल समाजवादी पार्टी को इंतजार था। पार्टी के महासचिव रामगोपाल यादव ने कहने में देर नहीं लगाई कि कांग्रेस उनकी नेता नहीं है।

ऐसी हालत में अव्वल तो कांग्रेस की पेशानी पर बल पड़ना चाहिए था, लेकिन कम से कम खुले तौर पर ऐसा होता नजर नहीं आ रहा। दरअसल, कांग्रेस की मजबूरी है कि वह अपनी परेशानी को खुले तौर पर जाहिर न करे। पार्टी की परेशानी के जाहिर होने का सीधा मतलब राहुल गांधी की अगुआई पर सवाल होगा। जिस कांग्रेस में नाकामियों के लिए बलि का बकरा खोजने की परंपरा रही हो, जहां नेहरू-गांधी परिवार पर सवाल न उठाने की परंपरा रही हो, पार्टी के प्रथम परिवार को हर आलोचनाओं और नाकामियों से दूर रखने का रिवाज रहा हो, उसके लिए अपने सहयोगी दलों की बगावत को स्वीकार कर पाना आसान नहीं होगा। तृणमूल और समाजवादी पार्टी के सवालिया रुख का संदेश साफ है। दोनों दलों ने एक तरह से राहुल गांधी को प्रधानमंत्री मोदी के बरक्स कमजोर मान लिया है। समाजवादी पार्टी ने यहां तक कह दिया है कि कांग्रेस अगर बेहतर प्रदर्शन करती तो मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन ही नहीं पाते। तृणमूल की फायरब्रांड नेता ममता बनर्जी भी एक तरह से राहुल के नेतृत्व पर ही सवाल उठा चुकी हैं। ममता हों या समाजवादी पार्टी, उनके बदले रुख से साफ है कि अब कांग्रेस की अगुआई विपक्षी गठबंधन के दलों को मंजूर नहीं है। दोनों दलों के इस रुख को जाहिर करने की ताकत महाराष्ट्र के नतीजों ने दी है। महाराष्ट्र में तो समाजवादी पार्टी बाकायदा गठबंधन से दूर हो चुकी है। इंडिया गठबंधन के दलों को अब लगने लगा है कि राहुल की अगुआई वाली कांग्रेस के नेतृत्व में उनका भविष्य दांव पर है। उन्हें लग रहा है कि मौजूदा कांग्रेस के नेतृत्व में वे भारतीय जनता पार्टी को चुनौती नहीं दे पाएंगे। आज राजनीति, विशेषकर चुनाव बेहद महंगा सौदा है। इस महंगे सौदे के बाद अगर सत्ता की देवी आशीर्वाद दे देती हैं तो उस महंगाई को झेलना आसान हो जाता है। अगर सत्ता की उम्मीद टूटने लगे तो चुनावी राजनीति का महंगा सौदा और ज्यादा महंगा होता जाता है। ऐसे में चुनाव लड़ने के लिए दमदार उम्मीदवारों का टोटा पड़ने लगता है। कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूटने लगता है। सत्ता रूपी शहद के लालच में कार्यकर्ताओं का झुंड मधुमक्खियों की तरह दलों के नेताओं के इर्द-गिर्द मंडराता रहता है। लेकिन जैसे ही सत्ता की देवी दूर दिखने लगती है, उत्साही कार्यकर्ता का पहले उत्साह कम होने लगता है, और इसी उदासीनता के दौर में धीरे-धीरे पार्टियों से दूर हो जाता है। जहां तक ममता की बात है, तो



कम से कम पश्चिम बंगाल में उनकी सत्ता बरकरार है, लिहाजा उसके कार्यकर्ता उत्साह में हैं। लेकिन इस बात की गारंटी नहीं है कि 2026 में बीजेपी उसे मात नहीं दे सकती। उसकी इस आशंका की वजह विपक्षी गठबंधन की कांग्रेसी अगुआई का कमजोर प्रदर्शन है। जबकि समाजवादी पार्टी लगातार दो चुनावों से सत्ता से दूर है। बेशक उसने बीते लोकसभा चुनावों में बीजेपी की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। लेकिन उसे लगने लगा है कि अगर कांग्रेसी नेतृत्व के हालात ऐसे ही रहे तो उसका असर उत्तर प्रदेश की विपक्षी राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। ऐसे में उसकी चुनावी संभावनाएं धूमिल ही होंगी। विपक्षी गठबंधन के दलों की इस सोच की वजह सिर्फ कांग्रेस का कमजोर प्रदर्शन ही नहीं है, बल्कि कांग्रेसी नेतृत्व का मनमानापन भी है। नई लोकसभा में विपक्षी खेमे के सीट बंटवारे में कांग्रेसी नेतृत्व ने जिस तरह मनमानी की है, उससे विपक्षी गठबंधन के उसके सहयोगी अंदर ही अंदर खदबदा रहे हैं। अखिलेश यादव ने फैजाबाद से चुने गए अपने सांसद अवधेश प्रसाद को अपना पोस्टर ब्वॉय बना रखा है। जब तक सीटों का आवंटन नहीं हुआ था, तब तक अखिलेश राम जन्मभूमि के अपने इस सांसद को अपने बगल में बैठाते रहे। लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के सुझाव पर अवधेश प्रसाद को दूसरी पंक्ति में सीट दे दी गई है। इससे अखिलेश नाराज हैं। अपने विश्वस्त सलाहकारों से कांग्रेस के मनमाने कदमों पर वे सवाल उठाते रहे हैं। अदाणी के आर्थिक साम्राज्य पर बार-बार सवाल उठाना अब ना तो अखिलेश को पसंद आ रहा, ना ही ममता बनर्जी को। अदाणी के खिलाफ बीते शुक्रवार यानी 6 दिसंबर के दिन संसद में कांग्रेस ने जो प्रदर्शन किया, उससे ना सिर्फ समाजवादी पार्टी, बल्कि तृणमूल कांग्रेस ने भी दूरी बना ली। तृणमूल और समाजवादी पार्टी को शिकायत है कि कांग्रेस अपने एजेंडे पर साथी दलों का साथ चाहती है, लेकिन उनके एजेंडे पर साथ देने से कांग्रेस कन्नी काटने लगती है। दरअसल कांग्रेस ऐसा करके यह साबित करती रहती है कि विपक्षी गठबंधन में राहुल से बड़ा कोई नेता नहीं है और बाकी सभी नेता और दल उसके सामने छोटे हैं। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा और मणिपुर से मुंबई तक की यात्रा के बहाने विपक्षी गठबंधन को लोकसभा चुनावों में चमत्कार की उम्मीद थी। इसलिए विपक्षी दलों ने नेतृत्व अपने हाथ में रखने के लिए कांग्रेस द्वारा अपनाए जा रहे हथकंडों पर चुप्पी साधे रखी। लेकिन चुनावी नतीजे बेहतर नहीं रहे और कांग्रेस अपने एजेंडे के हिसाब से बढ़ती रही तो विपक्षी दलों ने अलग सुर अपनाना शुरू कर दिया है। समाजवादी पार्टी और तृणमूल का नया रुख इसी बदलाव का प्रतीक है। ऐसे माहौल में कांग्रेस को सिर्फ शरद पवार का साथ मिल रहा है। वैसे विधानसभा चुनावों में महज दस सीट पर सिमट जाने वाले महाराष्ट्र के चाणक्य के लिए ऐसा रुख रखना मजबूरी भी है। उन्हें डर है कि कहीं उनके भतीजे अजित पवार उनके विधायक दल को ही न ले उड़ें। शायद यही वजह है कि वे निराशा से दूर संघर्ष और जनसंपर्क की बात कर रहे हैं। वैसै जब भी विपक्षी गठबंधन से कोई बाहर जाता है या अंदरूनी सवाल उठाता है, तब विपक्ष की ओर से कहा जाता है कि इडी और सीबीआई का डर दिखाकर उनके सहयोगी दलों को तोड़ा जा रहा है। लेकिन अखिलेश और ममता की ताकत कम नहीं है, इसलिए उन पर तोहमत लगाई भी नहीं जा सकती कि डर से उन्होंने साथ छोड़ दिया। सच तो यह है कि कांग्रेस हर कीमत पर राहुल को आगे रखते हुए अपने ही एजेंडे पर काम कर रही है। वह किसी भी कीमत पर विपक्षी गठबंधन की अगुआई राहुल के अलावा किसी और के हाथ नहीं जाने देना चाहती। यही वजह है कि विपक्ष के उसके सहयोगियों ने उसे ही सिखाने की ठान ली है। ऐसे में कांग्रेस की परेशानियां बढ़ना तय है।

(लेखक वरिष्ठ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. रमेश ठाकुर



# बाल कल्याण के लिए जागृत करती है यूनिसेफ की मुहिम

बाल कल्याण की बात हो या उनके अधिकारों की रक्षा, दोनों में प्रहरी की भूमिका निभाती है 'यूनिसेफ'। इसलिए यूनिसेफ का नाम सुनते ही मन-मस्तिष्क में बच्चे ईद-गिर्द घूमने लगते हैं। साथ ही उनकी समस्याओं और सुधारी प्रयासों का जिक्र भी होने लगता है। आज 'विश्व यूनिसेफ दिवस' है। एक ऐसी संस्था जो संसार के 190 देशों के बेहद दुर्गम स्थानों पर पहुंचकर बच्चों के अधिकारों की हिमायत के लिए मजबूती से लड़ती है। बाल कल्याण की सुविधाएं विश्व के प्रत्येक जरूरतमंद, कमजोर और वंचित बच्चों तक पहुंचे, इसलिए यूनिसेफ की टीमें चौबीसों घंटों ग्राउंड जीरो पर तैनात रहती हैं। यूनिसेफ़ का मतलब होता है 'संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष' जिसका आरंभ 11 दिसंबर, 1946 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' द्वारा किया गया था। शुरुआती वक्त में संस्थान में मात्र 43 देश शामिल हुए थे, लेकिन कुछ वर्षों बाद ये संख्या 100 पार कर गई। आज इस संस्था में 190 मुल्क जुड़े हैं। यूनिसेफ के 5 लाख प्रतिनिधि इस समय पूरे संसार में कार्यरत हैं। वहीं, भारत में 18 हजार के करीब वर्कर दुर्गम स्थानों पर बाल कल्याण के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बाल तस्करी की रोकथाम में इनकी अलग से टीमें कार्य करती हैं। भारत में रोजाना करीब 69,000 बच्चे पैदा होते हैं। उन सभी नौनिहालों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और बाल संरक्षण में यूनिसेफ इंडिया बेहतरीन कदम उठाने को संकल्पित होता है। मौजूदा समय में यूनिसेफ की टीमें युद्धग्रस्त यूक्रेन-रूस, ईरान-इराक, अफगानिस्तान जैसे मुल्कों में अधिकांश जुटी हैं। वहां अभावग्रस्त बच्चों की परवरिश करने के अलावा उनकी शिक्षा-स्वास्थ्य में लगे हैं। वैसे देखा जाए तो, विश्व को यूनिसेफ़ की कार्यशैली द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तब ज्यादा दिखी, जब इनके योद्धाओं ने बिना अपनी जान की परवाह किए युद्ध से आहत, असहाय, बेघर बच्चों को जरूरती सामानों की आपूर्ति, विभिन्न किस्म की सहायताएं और स्वास्थ्य में सुधार के अभियानों को चलाया। जैसे-जैसे समय बदला, यूनिसेफ़ ने अपनी कार्यशैली में और बदलाव किए। पहले इनका काम सिर्फ बाल अधिकारों की रक्षा के लिए जाना जाता था। लेकिन उसके बाद बच्चों के बेहतर जीवन को बनाने का भी जिम्मा इन्होंने अपने कंधों पर उठा लिया। फिलवक्त में, यूनिसेफ की टीमें माताओं और नवजात शिशुओं के लिए एचआईवी की रोकथाम और उपचार, पर्याप्त पानी, स्वच्छ वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, बाल स्वास्थ्य व पोषण जैसे क्षेत्रों में भी कार्यरत हैं। भारत के नजरिए से यूनिसेफ़ को देखें, तो वर्ष-1949 में मात्र तीन सदस्यीय स्टाफ़ ने हमारे यहां काम आरंभ किया। लेकिन सन् 1952 में दिल्ली में अपना एक कार्यालय स्थापित किया। वर्तमान में, समूचे भारत में इनके 16 राज्यों में कार्यालय हैं। जहां ये बच्चों के अधिकारों की हिमायत करते हैं। भारत में इनका प्रतिनिधित्व सिंथिया मैककैफ्रे करती हैं जिनकी नियुक्ति अक्टूबर 2022 में हुई थी। भारत सरकार अपने बजट से बड़ी रकम इनको सालाना आवंटित करती है ताकि हमारे यहां दुगर्म क्षेत्रों में रहने वाले वो बच्चे भी इनके जरिए शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सकें, जो सरकार की नजरों से छूट जाते हैं। यूनिसेफ का मुख्यालय, न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित है। यूनिसेफ के लोग इस बात को विभिन्न वैश्विक मंचों पर कई मर्तबा कह चुके हैं कि उन्हें भारत सरकार से सदैव भरपूर सहयोग मिला। 2018 में यूनिसेफ ने 'एवरी चाइल्ड अलाइव' नाम से एक अंतरराष्ट्रीय अभियान शुरू किया था जिसके अनुसार प्रत्येक मां और शिशु के लिए सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग और उनकी आपूर्ति करने के लिए प्रयासों का श्रीगणेश करना था। उस अभियान ने जबरदस्त सफलता हासिल की। यूनिसेफ को सार्वजनिक क्षेत्र के तीन सबसे बड़े भागीदार संयुक्त राज्य अमेरिका, जर्मनी और विश्व बैंक अधिकांश पैसा देते हैं। बीते दो दशकों में, विश्वभर में बच्चों के जीवित रहने की दर में बहुत अधिक वृद्धि देखी गई। 2016 में दुनियाभर में, अपने 5वें जन्मदिन से पहले मर जाने वाले बच्चों की संख्या आधी होकर 56 लाख तक रह गई। इसके बावजूद, नवजात शिशुओं के लिए प्रगति धीमी रही है। पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु में, जन्म के पहले महीने में ही मर जाने वाले शिशुओं की संख्या 46 प्रतिशत है। जागरूकता के चलते इन आंकड़ों में अब सुधार हुआ है। यूनिसेफ के ऐसे प्रयास निरंतर जारी हैं, इसमें आमजन को भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। सरकारी-सामाजिक के संयुक्त प्रयासों से अभियान को न सिर्फ संबल मिलेगा, बल्कि और तेज गति भी प्रदान होगी।

(लेखक बाल कल्याण समिति 'निपसिड' में सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू




संकलित
**दर्शन**

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं। जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

# भक्ति करने का मतलब ये नहीं कि जीवन में दुख नहीं आएंगे



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सकें। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भ्रष्टाचार की गहरी जहरीली जड़ें**

नौ दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया गया। सन 1972 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने कहा था कि भ्रष्टाचार व्यापक जोड़तोड़, व्यक्तिगत लाभ, स्वार्थपरक राजनीति से पनपता है। इससे भ्रष्ट नौकरशाह को बढ़ावा मिलता है। इस स्थिति में सत्यनिष्ठ और ईमानदार लोगों को काम करने में कठिनाई होती है। 31 अक्तूबर 2003 को संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में विश्वव्यापी बन रही समस्या भ्रष्टाचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक प्रस्ताव पारित हुआ और फिर हर वर्ष 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाने लगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्वव्यापी समस्याओं को उठाते रहते हैं।

**- हेमंत साहू**, बेमेतरा

## करंट अफेयर

# अधिकारी सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा बढ़ाए : राष्ट्रपति शी



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अधिकारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता को प्राथमिकता देते हुए देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में शासन और उच्च गुणवत्ता वाले विकास में बढ़ोतरी का निर्देश दिया है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के एक 'समूह अध्ययन सत्र' की अध्यक्षता करते हुए शी ने सोमवार को कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शासन के लिए सबसे आधारभूत आवश्यकता के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं और सीमावर्ती क्षेत्रों में संपूर्ण शासन प्रक्रिया के दौरान पार्टी के समग्र नेतृत्व को बनाए रखना आवश्यक है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने मंगलवार को उनके हवाले से कहा, 'चीनी आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने में कोई भी सीमा क्षेत्र पीछे नहीं छूटे।' हाल के वर्षों में चीन सैकड़ों सुविकसित गांव स्थापित करके भारत और भूटान सीमाओं के साथ तिब्बत में सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। हालिया आधिकारिक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, तिब्बत ने सुलभ सड़कों के साथ 600 से अधिक समृद्ध और उच्च-मानक वाले सीमावर्ती गांवों का निर्माण किया था।

## ऑफ बीट

# पढ़ने में अच्छे पाठकों की मस्तिष्क संरचना अलग


मैंने 1,000 से अधिक प्रतिभागियों से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया, जिससे पता चला कि अलग-अलग क्षमताओं वाले पाठकों की मस्तिष्क



संरचना में अलग-अलग विशेषताएं थीं। जो लोग पढ़ने में अच्छे थे उनमें मस्तिष्क के बाएं हिस्से के दो क्षेत्रों की संरचना भिन्न थी, जो भाषा के लिए महत्वपूर्ण हैं। इनमें से एक 'टेम्पोरल लोब' (मस्तिष्क का हिस्सा) का अग्र भाग था। बायां 'टेम्पोरल पोल' विभिन्न प्रकार की सार्थक सूचनाओं को जोड़ने और वर्गीकृत करने में मदद करता है। पैर जैसे शब्द का अर्थ समझने के लिए, यह मस्तिष्क क्षेत्र विभिन्न जानकारी को जोड़ता है, जो यह बताता है कि पैर कैसे दिखते हैं और कैसे चलते हैं। इसी तरह, दूसरा हिस्सा है 'हेशल गाइरस', जो ऊपरी 'टेम्पोरल लोब' पर स्थित एक तह है, जिसमें 'कॉर्टेक्स' (मस्तिष्क की सबसे बाहरी परत) स्थित होती है। बेहतर पढ़ने की क्षमताओं का संबंध मस्तिष्क के दाएं हिस्से की तुलना में बाएं हिस्से में 'टेम्पोरल लोब' के बड़े अग्र भाग से पाया गया। इससे यह समझ में आता है कि एक बड़े मस्तिष्क क्षेत्र के अर्थ के लिए समर्पित होने से शब्दों को समझना और इसलिए पढ़ना आसान हो जाता है।

## ट्रेंड

### जयंती पर स्मरण



सी. राजगोपालाचारी को उनकी जयंती पर स्मरण। उन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके समृद्ध योगदान और भारत की प्रगति को आगे बढ़ाने के प्रयासों के लिए याद किया जाता है। उनके सिद्धांत हमें प्रेरित करते हैं कि प्रत्येक भारतीय सम्मान और समृद्धि का जीवन जिए।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### छोटे कारोबारी



किराना स्टोर्स सिर्फ़ सामान बेचने के माध्यम भर नहीं हैं। जब हमारी अर्थव्यवस्था में बदलाव हो रहा हो और हम ग्लोबल ट्रेंड्स के हिसाब से आगे बढ़ रहे हों तब यह सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है कि छोटे कारोबारियों का नुकसान न हो।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### स्वास्थ्य देखभाल



जीव विज्ञान के पास हमारी आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल संबंधी कई चुनौतियों का उत्तर है। अध्ययन से पता चलता है कि किण्वित बांस शूट अर्क ऊर्जा की खपत को बढ़ाकर मोटापा विरोधी प्रभाव देता है।

**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

### करुणा का वैश्वीकरण



दस साल पहले, इसी दिन, मुझे ओस्लो, नॉर्वे में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। यह एक असाधारण सम्मान रहा है। मैं अपने आह्वान को दोहराता हूं, 'आइए हम मिलकर करुणा का वैश्वीकरण करें'।

**-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# श्रद्धा कपूर
## को-स्टार्स की जमकर की तारीफ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



मासूम चेहरे से फैंस के होश उड़ा देने वाली टैलेंटेड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने फ्लॉप फिल्म से करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके साथ नजर आए आदित्य रॉय कपूर के साथ उनके अफेयर की भी खूब चर्चा हुई थी।अब श्रद्धा कपूर ने अपने को-स्टार्स के बारे में बात की है। साथ ही उनकी जमकर तारीफ भी की है। श्रद्धा कपूर ने कई फिल्मों में काम किया है और इंडस्ट्री के प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ स्क्रीन साझा की है।उनके साथ काम करने के अलावा, अभिनेत्री ने अपने को-स्टार्स के साथ एक अच्छा रिश्ता भी बनाया है। उनके को-स्टार में रणबीर कपूर, आदित्य रॉय कपूर, राजकुमार राव और अन्य कई एक्टर्स शामिल हैं। हाल ही में एक बातचीत में, उन्होंने इन अभिनेताओं के बारे में बात की है। श्रद्धा कपूर ने पिंकविला से हुई खास बातचीत में बताया कि वह अपने को-स्टार्स को एक शब्द में कैसे डिफाइन करेंगी। जब उनसे उनके 'स्त्री' ऑन-स्क्रीन पार्टनर, राजकुमार राव के बारे में पूछा गया, तो एक्ट्रेस ने उन्हें 'अद्भुत अभिनेता' कहा, जिससे उनके प्रतिभा के प्रति गहरा सम्मान प्रकट हुआ।

उन्होंने वरुण धवन के बारे में भी बात की, जिन्होंने बॉक्स-ऑफिस हिट फिल्म में एक कैमियो किया था। श्रद्धा ने धवन को अपना 'बेहतरीन दोस्त' बताया. इसके बाद उन्होंने अपने 'तू झूठी मैं मक्कार'को-एक्टर रणबीर कपूर की जमकर तारीफ की और कहा कि वह 'काम करने के लिए परफेक्ट पर्सनल हैं।' फिर, सिद्धार्थ मल्होत्रा को मजाक में 'ऐ विलेन' कहा, जो उनके साथ रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'एक विलेन' में नजर आए थे। आखिर में एक्ट्रेस ने अपने बचपन के दोस्त टाइगर श्रॉफ के बारे में बात की। उन्होंने खुलासा किया कि वे दोनों एक ही स्कूल में गए थे। इसलिए, उन्हें 'स्कूल फ्रेंड' का लेबल दिया। वहीं, उनके 'हैदर' को-स्टार शाहिद कपूर को 'बहुत बहुमुखी' अभिनेता बताया। इसके बाद एक्ट्रेस ने अपने 'हाफ गर्लफ्रेंड'को-स्टार अर्जुन कपूर के बारे में बात की।

# 'पुष्पा 2' ने भारत में पार किया 600 करोड़ का आंकड़ा

**मुंबई।** 'पुष्पा 2: द रूल' ने 6 दिन में कुल 622.36 करोड़ रुपए का बिजनेस कर लिया है और इसी के साथ फिल्म ने 'स्त्री 2' का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इसी साल पर्दे पर आई श्रद्धा कपूर की फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 597.99 करोड़ रुपए कमाए थे। 'स्त्री 2' को पछाड़कर 'पुष्पा 2: द रूल' अब भारत की सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्मों की लिस्ट में 6ठें नंबर पर आ गई है। वर्ल्डवाइड भी 'पुष्पा 2: द रूल' का जलवा है। अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म दुनिया भर में 900 करोड़ क्लब में एंट्री ले ली है। ट्रेड एनालिस्ट रमेश बाला ने अपने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' को लेकर दर्शकों में भारी क्रेज है। फिल्म 5 दिसंबर को पर्दे पर आई है और पहले दिन से ही हर रोज रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन कर रही है। 'पुष्पा 2: द रूल' ना सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया भर में हर रोज करोड़ों का कारोबार कर रही है। महज 6 दिन में फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ क्लब में शामिल हो गई है।सैकनिल्क के मुताबिक 'पुष्पा 2: द रूल' ने पहले दिन 164.25 करोड़ रुपए की ओपनिंग की थी. पेड प्रीव्यू के साथ ये कलेक्शन 174.95 करोड़ रुपए हो गया था।

दूसरे दिन अल्लू अर्जुन की फिल्म का कलेक्शन 93.8 करोड़, तीसरे दिन 119.25 करोड़ और चौथे दिन 141.05 करोड़ रुपए और पांचवें दिन 64.45 करोड़ रुपए कमा लिए थे। वहीं, छठे दिन फिल्म ने 28.91 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है।




## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

क्रमांक: एसईसीएल/मप्र/गेवरा क्षेत्र/भू–राजस्व/2024/1927 | दिनांक 21.11.2024


### आम सूचना

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल गेवरा क्षेत्रांतर्गत गेवरा परियोजना के लिये अर्जित ग्राम भिलाईबाजार, भठोरा एवं रलिया के निम्नलिखित भू–विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित आश्रित/उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

| क्र. | ग्राम का नाम | राज्य शासन द्वारा प्रदत्त प्रमाणित पत्रक V/VI में खातेदार का नाम | नामांकन के अनुसार खातेदार का नाम | खसरा नं. (सीबीए के तहत) पत्रक अनुसार | रकबा भुगतान व्हाउचर अनुसार | रोजगार हेतु नामांकित व्यक्ति का नाम | खातेदार से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भिलाई बाजार | अगहनबाई पिता दरसू, चन्दरबाई पिता दरसू<br>बी–1 एवं पी–2 वर्ष 2004-05 में नाम – अगहनबाई दरसू, चन्दरबाई दरसू सतनामी<br>वर्तमान बी–1 एवं पी–2 वर्ष 2023-24 में एसईसीएल गेवरा परियोजना | आगन बाई, चन्दर बाई पिता दरसू | 68/7, 221 | 0.267 हे./ 0.66 एकड़ | देवेन्द्र कुमार रात्रे पिता प्रेमलाल रात्रे<br>आधार कार्ड में नाम – देवेन्द्र कुमार रात्रे पिता रामलाल रात्रे<br>जाति प्रमाण पत्र में नाम – देवेन्द्र कुमार पिता प्रेमलाल<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – देवेन्द्र कुमार रात्रे पिता प्रेमलाल रात्रे<br>स्कूल प्रमाण पत्र में नाम – देवेन्द्र कुमार रात्रे पिता प्रेमलाल रात्रे<br>रोजगार पंजीयन में नाम – देवेन्द्र कुमार रात्रे पिता प्रेमलाल रात्रे | पुत्र का पुत्र (पोता) |
| 2 | भिलाई बाजार | रथलाल पिता रुपसाय, समारीन बेवा रुपसाय, संतोष, मंजीता, संजीता, शिवकुमारी, संतोषी, जयोति पिता रुपसाय, शुकवारा बेवा रुपसाय सा. देह<br>अर्जन अधिसूचना दिनांक की स्थिति में भूमि के दस्तावेज बी–1 एवं पी–2 वर्ष 2006-2007 में नाम – रुपसाय पिता गयाराम सतनामी<br>नामांतरण पंजी में नाम – रुपसाय पिता गयाराम<br>नोट:– अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कटघोरा के आदेश क्रमांक 3815/अविअ/भू–अर्जन/2018 कटघोरा दिनांक 30.08.2018 के अनुपालन में रुपसाय पाटले पिता गयाराम की मृत्यु 13.04.2013 दर्शाया गया है।<br>अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के आदेश क्रमांक 4232 के अनुसार पत्रक 5 में दर्ज वारिसान संतोष कुमार पिता रुपसाय का सही नाम सुभाष पिता रुपसाय संशोधित किया गया है जोकि आश्रित उम्मीदवार है | (रुपसाय पिता गयाराम फौत) वारिसान: रथलाल, सुभाषकुमार (संतोष) पिता रुपसाय, मंजनी, संजीता, शिवकुमारी, संतोषी, ज्योति पिता रुपसाय, समारिन उर्फ गंगाबाई बेवा रुपसाय, शुकवारा बेवा रुपसाय | 106/6, 106/8, 106/9 | 0.267 हे./ 0.66 एकड़ | आशीष पाटले पिता रथलाल पाटले<br>आधार कार्ड में नाम – आशीष पाटले पिता रथलाल<br>जाति प्रमाण पत्र में नाम – आशीष पाटले पिता रथलाल पाटले<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – आशीष पाटले पिता रथलाल पाटले<br>स्कूल प्रमाण पत्र में नाम – आशीष पाटले पिता रथलाल पाटले | पुत्र का पुत्र (पोता) |
| 3 | भठोरा | उदासाबाई पति त्रिभुवन सिंह कंवर<br>बी–1 एवं पी–2 वर्ष 1997-98 से 2001-02 तक में नाम – उदासाबाई पति त्रिभुवन सिंह कंवर<br>नामांतरण पंजी में नाम – उदासाबाई पति त्रिभुवन सिंह कंवर | उदासाबाई पति त्रिभुवन सिंह कंवर | 104, 124 | 0.509 हे./ 1.26 एकड़ | विवेक कुमार पिता सुराज सिंह<br>आधार कार्ड में नाम – विवेक कुमार पिता सुराज सिंह<br>जाति प्रमाण पत्र में नाम – विवेक कुमार पिता सुराज सिंह<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – विवेक कुमार पिता सुराज सिंह<br>स्कूल प्रमाण पत्र में नाम – विवेक कुमार पिता सुराज सिंह | (पुत्री का पुत्र) नाती |
| 4 | रलिया | अरुण कुमार पिता जयराम सिंह तंवर<br>नोट:–<br>1. बी–1 एवं पी–2 वर्ष 2006 से 2010-11 तक में खसरा नं. 16/3, 32/3 रकबा 0.303 हे. भूमि नाम – अरुण कुमार पिता जैराम सिंह तंवर के नाम दर्ज है।<br>2. अ.वि.अ. (राजस्व) कटघोरा के आदेश क्रमांक 957/अ.वि.अ./भू–अर्जन/2023 कटघोरा दिनांक 20.02.2023 के अनुसार पत्रक में खातेदार के नाम पर खसरा नं. 16/3, 32/3 रकबा 0.081 हे. त्रुटिपूर्ण दर्ज होने को सुधार करते हुए रकबा 0.303 हे. दर्ज करने की अनुशंसा की गई है। तदानुसार सुधरा हुआ संशोधित रकबा 0.303 हे. अर्जित भूमि पर रोजगार प्रस्तावित है। | अरुण कुमार पिता जयराम सिंह तंवर | 16/3, 32/3 | 0.303 हे./ 0.75 एकड़ | दिव्यांश सिंह पिता अरुण कुमार<br>आधार कार्ड में नाम – दिव्यांश सिंह पिता अरुण कुमार<br>जाति प्रमाण पत्र में नाम – दिव्यांश सिंह पिता अरुण कुमार तंवर<br>निवास प्रमाण पत्र में नाम – दिव्यांश सिंह पिता अरुण कुमार<br>स्कूल प्रमाण पत्र में नाम – दिव्यांश सिंह पिता अरुण कुमार<br>रोजगार पंजीयन में नाम – दिव्यांश सिंह पिता अरुण कुमार | पुत्र |

(1) अतः रोजगार के लिये उक्त प्रस्तावित/नामांकित व्यक्ति के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो तो अपना पूरा नाम, हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजी प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर उपस्थित होकर स्वयं प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा।
(2) उपरोक्त प्रस्तुत रोजगार के प्रस्ताव में खातेदार एवं आश्रित उम्मीदवार के नाम/उपनाम भिन्न–भिन्न दस्तावेजों में भिन्न–भिन्न दर्ज हैं, जो एक ही व्यक्ति का होना दर्शाया गया है, इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें।

महाप्रबंधक, एसईसीएल गेवरा क्षेत्र

# बॉलीवुड के अलावा साउथ में भी बजेगा डंका

**नई दिल्ली।** कियारा आडवाणी के पास कई आगामी प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें वे नजर आने वाली हैं। इस लिस्ट में निर्देशक फरहान अख्तर की डॉन 3, राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर, ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ फिल्म वॉर 2 और हो सकता है कि कियारा भूल भुलैया 4 का भी हिस्सा बन सकती हैं। राम चरण की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म गेम चेंजर, जिसकी रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। फिल्म में कियारा आडवाणी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। गेम चेंजर 10 जनवरी 2025 को रिलीज होगी डॉन 3 का निर्देशन फरहान अख्तर कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर के अलावा कियारा आडवाणी की एंट्री भी हो गई है। वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की जोड़ी नजर आएगी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी भी नजर आएंगी। इन सभी फिल्मों के अलावा कियारा भूल भुलैया 4 में भी नजर आ सकती हैं। कियारा फिल्म भूल भुलैया 2 में भी थीं।

# ताकत का गलत इस्तेमाल हो रहा



**नई दिल्ली।** सनी देओल बॉलीवुड के उन अनुभवी अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने इंडस्ट्री के उतार-चढ़ाव को काफी करीब से देखा है। पिछले दशकों में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में आए बदलावों को भी उन्होंने महसूस किया है। हाल ही में मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान सनी देओल ने कहा कि बॉलीवुड में रचनात्मकता की कमी का मुख्य कारण कॉर्पोरेट्स द्वारा अपनी शक्ति का गलत उपयोग है। सनी देओल ने कहा, 'जब सब कुछ व्यावसायिक हो जाता है और कॉर्पोरेट्स इंडस्ट्री में आते हैं तो जो लोग बड़े पदों पर होते हैं वे शक्ति का गलत इस्तेमाल करते हैं।' अभिनेता के मुताबिक यही कारण है कि बॉलीवुड में रचनात्मकता कम हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि जब कॉर्पोरेट्स का आगमन हुआ तो वे सिनेमा के बारे में ज्यादा कुछ नहीं जानते थे और यही वजह थी कि सिनेमा की दिशा बदलने लगी। सनी ने आगे कहा, 'अब वह सिनेमा देखने को नहीं मिलता, जो पहले मिलता था। आजकल के गाने लोग जल्दी ही भूल जाते हैं, क्योंकि वे दिल को छूने वाले नहीं होते।' हालांकि, सनी ने यह भी माना कि यह बदलाव केवल बॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हो रहा है और इसे किसी एक कारण पर आरोपित नहीं किया जा सकता।


# तुर्की में होगी 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' की शूटिंग



**नई दिल्ली।** फहद फासिल इन दिनों अपनी नई फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म में उन्होंने भंवर सिंह शेखावत के रूप में खलनायक का किरदार निभाया है। फहद फासिल की पहली बॉलीवुड फिल्म का नाम 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' है, जो एक अपरंपरागत प्रेम कहानी है, जिसमें उनके साथ तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में होंगी और इसका निर्देशन इम्तियाज अली करेंगे। कहानी के लिए इडियट्स ऑफ इस्तांबुल जैसा शीर्षक चाहिए, क्योंकि दो प्रमुख पात्र तुर्की के सबसे बड़े शहर की यात्रा पर हैं। फहद फासिल की फिल्म में कास्टिंग एकदम सही है और अभिनेता भी इम्तियाज अली और टीम के साथ यात्रा करने के लिए उत्साहित हैं। इसकी कथा सीमा पार जाएगी और फिल्म का अधिकांश भाग भारत के अलावा यूरोप में भी फिल्माया जाएगा। फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम पहले ही शुरू हो चुका है, क्योंकि इम्तियाज अली ने पहले ही अपनी रेकी का दौर पूरा कर लिया है। निर्माता इस समय अपनी स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे रहे हैं और अपनी अगली फिल्म में फहद और तृप्ति का नया रूप देखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# प्रीति ने बताया प्रकृति को कुछ वापस देने का महत्व

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की डिंपल गर्ल, प्रीति जिंटा ने अपने अभिनय और चुलबुले अंदाज से फैंस के दिलों पर राज किया है। जीन गुडइनफ से शादी करने के बाद प्रीति जिंटा परदेस में बस गई हैं। मगर, दिल से वे देसी हैं। प्रीति जिंटा हिमाचल प्रदेश से ताल्लुक रखती हैं। अभिनय और फिल्मों के अलावा प्रीति जिंटा अपने होमटाउन से जुड़ी यादें भी सोशल मीडिया पर साझा करती हैं। आज उन्होंने तीन साल पुरानी एक याद ताजा की है और साथ ही पर्यावरण पर बात की है। अपने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट में प्रीति जिंटा प्रकृति सेवा और प्रकृति को कुछ वापस लौटाने के महत्व पर बात करती दिखी हैं।



तस्वीरें साझा करते हुए प्रीति जिंटा ने बताया कि उन्होंने करीब तीन साल पहले अपने होमटाउन में देवदार के पौधे रोपे थे। अब वे बढ़ने लगे हैं। यह देखकर उनकी खुशी सातवें आसमान पर है। प्रीति जिंटा ने पौधारोपण के समय की तस्वीर और अब बढ़े हुए पौधे की तस्वीर दोनों साझा की हैं। प्रीति जिंटा ने पोस्ट के साथ कैप्शन लिखा है, 'मैंने यह हिमालयन देवदार का पौधा करीब तीन साल पहले लगाया था। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के बीच इसे बढ़ता और फलते-फूलते देखकर बहुत खुशी हुई, क्योंकि यहां की सर्दी और भी ज्यादा बढ़ गई है'। प्रीति ने आगे लिखा, ' ऐसे पल जीवन को सही मायने देते हैं और प्रकृति को कुछ वापस देने का महत्व भी बताते हैं'। प्रीति जिंटा ने जो पौधा लगाया था, वह बर्फ से ढका दिखाई दे रहा है।




## जैकेट के शेष

### वाहन बिक्री में .....

वाहनों की बिक्री लगातार बढ़ रही है। इस साल नए साल के प्रारंभ से ही बिक्री ने रिकॉर्ड बनाने का क्रम प्रारंभ किया है। पहले माह जनवरी में ही 23.63 फीसदी वाहन ज्यादा बिके। बीते साल जनवरी में 46472 वाहन बिके थे, जबकि इस साल 57455 वाहन बिके। इसके बाद फरवरी में बीते साल के 41754 वाहनों के मुकाबले इस फरवरी में 53614 वाहन बिके जो बीते साल से 28.40 फीसदी ज्यादा हैं। मार्च में इस बार 59546 वाहन बिके, जबकि बीते साल 45548 वाहन बिके थे। इस साल 30.73 प्रतिशत की ग्रोथ रही।

**नए सत्र अप्रैल से भी ग्रोथ :** अप्रैल से नए सत्र का आगाज हुआ तो इस माह भी ग्रोथ जारी रही। अप्रैल में तो बीते तीन माह से ज्यादा 46.37 फीसदी वाहन ज्यादा बिक गए। बीते साल 39983 वाहन बिके थे, जबकि इस अप्रैल 58522 वाहन बिके। मई में 56115 वाहन बिके जबकि बीते साल 39462 वाहन बिके थे। इस माह 42.20 फीसदी की ग्रोथ रही। जून में मई के मुकाबले कम वाहन बिके, लेकिन ये बीते साल से 28.76 फीसदी ज्यादा रहे। हर माह ऐसी ही वृद्धि दर्ज की जाती रही।

### नवंबर ने रचा इतिहास ....

कारण अक्टूबर में कम वाहन बिके थे और नवंबर में ज्यादा वाहन बिके थे। बीते साल अक्टूबर में 52070 वाहन बिके थे, जबकि इस साल 84839 वाहन बिके। अक्टूबर का रिकॉर्ड नवंबर में टूट गया। इस माह रिकॉर्ड एक लाख आठ हजार वाहन बिके हैं। इसमें सबसे ज्यादा 86552 बाइक बिकी है। इसके बाद 3626 ट्रैक्टर बिके हैं। कारों की बिक्री तीसरे नंबर पर रही। कारें 3503 बिकी हैं। बिक्री के मामले में राजधानी रायपुर हमेशा की तरह पहले नंबर पर है। यहां पर सबसे ज्यादा 15196 वाहन बिके हैं।

### ठहराव, गिरावट....

है जिसमें बीते साल से 4.45 फीसदी वाहन कम बिके। इसके पीछे का कारण यह रहा कि इस माह पितृ पक्ष होने के कारण लोगों ने वाहन कम खरीदे।

### 17 राज्यों में ही ग्रोथ ....

वहां पर 26 लाख से ज्यादा वाहन बिके हैं, लेकिन ग्रोथ के मामले में महाराष्ट्र का नंबर आठवां है। ग्रोथ वाले 17 राज्यों की ग्रोथ 0.83 से 18.57 फीसदी तक है।

### आईपीएस जीपी सिंह ....

लेकिन केंद्र सरकार ने उन्हें बहाल करने के बजाय कैट के आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दे दी। हालांकि दिल्ली हाईकोर्ट से याचिका खारिज हो गई, इसके बाद केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। अब इस पर फैसला आने के बाद जीपी सिंह की बहाली का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस ऋषिकेश राय और एसबीएन भाटी की डिवीजन बेंच में मामले की सुनवाई हुई, इसमें जीपी सिंह की तरफ से सीनियर एडवोकेट पीएस पटवालिया ने पैरवी की। वहीं छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के अधिवक्ता हिमांशु पांडे ने उन्हें सहयोग किया।

**झूठे केस दर्ज कर फंसाया गया :** हाईकोर्ट कोर्ट ने कहा था है कि परेशान करने के लिए झूठे केस दर्ज कर फंसाया गया है। किसी भी केस में उनके खिलाफ ठोस सबूत नहीं है। याचिकाकर्ता के एडवोकेट ने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया और बताया कि अब उनके खिलाफ कोई केस ही दर्ज नहीं है। ऐसे में उनकी बर्खास्तगी आदेश भी निरस्त किया जाए।

**2021 में किए गए थे निलंबित :** छत्तीसगढ़ के 1994 बैच के पुलिस सेवा के अधिकारी जीपी सिंह के खिलाफ 2021 में एसीबी ने कार्रवाई की थी। सरकारी आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी कर 10 करोड़ की अघोषित संपत्ति और कई संवेदनशील दस्तावेज बरामद करने का दावा किया था। इसके बाद जीपी सिंह पर राजद्रोह का केस दर्ज हुआ, जिसमें उन पर सरकार गिराने की साजिश रचने का आरोप था। जुलाई 2021 में उन्हें निलंबित किया गया और कुछ दिनों बाद राजद्रोह का केस दर्ज हुआ।

### पहली बार चला ....

है। उसे मंगलवार को अदालत के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे 21 दिसंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि चालक ने कथित तौर पर बताया कि उसने इलेक्ट्रिक बस चलाने के लिए केवल दस दिन का प्रशिक्षण लिया था। कुर्ला के एसजी बर्वे मार्ग पर सोमवार रात को हुई दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गई और 42 अन्य घायल हो गए, जबकि 22 वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) उपक्रम ने मुंबई के कुर्ला इलाके में हुए बस हादसे की जांच के लिए मंगलवार को एक समिति गठित की। यहां तक भाजपा नेताओं ने मांग की है कि सरकार 'वेट-लीज मॉडल' की समीक्षा करे जिसके तहत बसों को चालक सहित निजी ठेकेदारों से किराये पर लिया जाता है। पुलिस के मुताबिक भीड़भाड़ वाले कुर्ला (पश्चिम) इलाके में सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे चालक के नियंत्रण खो देने के कारण बस ने कई वाहनों और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी।

एक अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान मोरे ने पुलिस को बताया कि वह एक दिसंबर से बेस्ट की इलेक्ट्रिक बस चला रहा था और उससे पहले वह मिनी बस चलाता था। बेस्ट ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मुख्य प्रबंधक (परिवहन) रमेश मडावी की अध्यक्षता वाली एक समिति दुर्घटना की जांच करेगी। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) द्वारा संचालित बेस्ट ने एक विज्ञप्ति में बताया कि मृतकों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा।

**200 मीटर तक घूमी और मारी टक्कर :** मुंबई में बेस्ट बस दुर्घटना के एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि हादसे से पहले बस असंतुलित हो कर 200 मीटर तक घूम गई और फिर उसने कई वाहनों और पैदल यात्रियों को टक्कर मार दी। कुर्ला निवासी जैद अहमद ने बताया कि वह रेलवे स्टेशन जाने के लिए घर से निकल रहे थे, तभी उन्होंने तेज आवाज सुनी। मैं दौड़कर घटनास्थल पर पहुंचा और देखा कि बेस्ट की एक बस ने पैदल यात्रियों, एक ऑटोरिक्शा और तीन कार सहित अन्य वाहनों को टक्कर मार दी थी। मेरी आंखों के सामने कुछ लोग मृत पड़े थे।' छब्बीस वर्षीय स्थानीय निवासी ने बताया कि चालक तेज गति से बस चला रहा था और बस ने असंतुलित हो कर लगभग 200 मीटर तक घूमने के बाद सड़क पर कई वाहनों को टक्कर मार दी।

*अब लालू यादव भी आए बनर्जी के समर्थन में*

# 'इंडिया' का नेतृत्व करें ममता, कांग्रेस के विरोध का कोई मतलब नहीं

## आरजेडी नेता ने कांग्रेस पार्टी को दी नसीहत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



इंडिया गठबंधन के नेतृत्व को लेकर आपस में कलह सामने आ रही है। इसी बीच आरजेडी नेता लालू यादव ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को इंडिया अलायंस का नेता चुना जाना चाहिए। इतना ही नहीं उन्होंने कांग्रेस पार्टी को सीधी नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विरोध का कोई भी मतलब नहीं है। आरजेडी चीफ लालू ने मीडिया से बातचीत में कहा, ममता को इंडिया अलायंस का नेतृत्व दिया जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी के विरोध जताने से कुछ भी नहीं होगा। 2025 में हम लोग फिर से सरकार बनाएंगे।' शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने भी गठबंधन में ममता की भूमिका का समर्थन करते हुए कहा कि वे भी चाहते हैं कि वे एक अहम भागीदार बनें। वे जल्द ही कोलकाता में उनसे मिलेंगे। राउत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हम बनर्जी की राय जानते हैं। हम भी चाहते हैं कि वे इंडिया अलायंस की एक प्रमुख भागीदार बनें। चाहे ममता हों, केजरीवाल हों या शिवसेना, हम सब एक साथ हैं। इससे पहले आरजेडी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने ममता की दावेदारी की समर्थन किया था। लेकिन आम सहमति से फैसले पर जोर दिया था।

### ममता जता चुकी हैं इच्छा



पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इंडिया अलायंस के खराब प्रदर्शन पर निराशा जाहिर की। इसके बाद उन्होंने इशारा किया कि अगर उन्हें अवसर मिलेगा तो वह इंडिया अलायंस की कमान भी संभालने को बिल्कुल तैयार हैं।

## महिलाओं-बच्चों की हत्या के खिलाफ सड़कों पर उतरे सैकड़ों लोग




### मणिपुर के इंफाल में अफस्पा के विरोध में रैली

एजेंसी ▸▸ इंफाल

मणिपुर की राजधानी इंफाल में मंगलवार को सैकड़ों लोगों ने रैली निकाली। ये लोग यहां आर्म्ड फोर्स स्पेशल पावर एक्ट (अफस्पा) फिर से लागू करने और जिरीबाम में तीन बच्चों और तीन महिलाओं की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी हाथों में तख्तियां लिए थे। ये लोग मणिपुर को नष्ट मत करो, मणिपुर को बचाओ के नारे लगा रहे थे। रैली पश्चिमी इंफाल के थाउ मैदान से शुरू होकर 5 किलोमीटर दूर खुमान लैंपक स्टेडियम पहुंची। मंगलवार को मानवाधिकार दिवस भी है। इस मौके पर ऑल मणिपुर यूनाइटेड क्लब्स ऑर्गनाइजेशन, पोइरेई लीमारोल मीरा पैबी अपुनबा मणिपुर, ऑल मणिपुर वूमेन वॉलिंटरी एसोसिएशन, मानवाधिकार समिति और मणिपुर छात्र संघ ने संयुक्त रैली निकाली। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। ये अपने हाथों में तख्तियां लिए हुए थीं। रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया।

### मणिपुर के 5 जिलों के 6 थानों में अफस्पा फिर से लागू

मणिपुर के 5 जिलों के 6 थानों में 14 नवंबर से फिर से आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल प्रोटेक्शन एक्ट (अफस्पा) लागू कर दिया गया है। यह 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगा। अफस्पा लागू होने से सेना और अर्ध-सैनिक बल इन इलाकों में कभी भी किसी को भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले सकते हैं। इम्फाल पश्चिम जिले का सेकमई और लमसांग, इम्फाल पूर्व जिले का लाम्लाई, जिरिबाम जिले का जिरिबाम, कांगपोकपी का लेइमाखोंग और बिष्णुपुर जिले का मोइरंग थाना क्षेत्र में अफस्पा लागू किया गया है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

ई-टेंडर नोटिस नं. एनआईटी/14/24/53, तिथिः 03.12.2024

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि एवं समय | खरीदी मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 05245198 | 24 फाइबर ऑप्टिक केबल | 20.12.2024 At 10:30 hrs | 118.05 कि.मीटर्स |
| 2 | 04242406 | 12 व्ही. 70 ए.एच. फॉर 110 व्ही. ट्रेन लाईटिंग सिस्टम | 23.12.2024 At 10:30 hrs | 80 सेट |
| 3 | 06240093A | मैनुफेक्चर एंड सप्लाई ऑफ 60 के.जी. ग्लुयड इंसुलेटेड रेल ज्वाइंट्स (जी-3) (एल.) टाईप | 23.12.2024 At 10:30 hrs | 1800 नग |
| 4 | 03242616A | स्पीड सेंसर टू एस.डब्ल्यू.के.पी. आई.जी. 20 सिंगल स्पीड | 26.12.2024 At 10:30 hrs | 74 नग |
| 5 | 04242516 | माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर फॉर रूफ माउंट | 26.12.2024 At 10:30 hrs | 47 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरुरी सूचना वेंडर www.ireps.gov.in पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-।।
द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/364



**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर**
**NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR**
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India

No./ NITRR/S&P/Advt./2024/1407 रायपुर, दिनांक : 09/12/2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

रा.प्रौ.सं., रायपुर, संस्थान निम्न निविदायें आमंत्रित करता है, विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रं. | विभाग का नाम | निविदा क्रमांक | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | NITRR/S&P/ME/OT/2024/1397 | 30/12/2024 सायं 06:00 बजे तक | 01/01/2025 सायं 04:00 बजे |

फॉर्म एवं अन्य जानकारियाँ वेबसाईट www.nitrr.ac.in, www.eprocure.gov.in/epublish/app एवं www.tenderwizard.com/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।

कुलसचिव



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **देबाशीष पॉल**, प्रोपराइटर मैसर्स वॉलमैक्स ट्रेडर्स, दुकान नंबर 90, रावनभाटा, बेस्ट प्राइस शॉपिंग मॉल के पास, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-492001; दूसरा पता - ऑफिस नंबर-5, रिंग रोड नंबर 2, राजपुर मद्रास ट्रांसपोर्ट के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़ ने मुकदमा **Reg. No. 11405/19 U/S 138 NI ACT, थाना: केशव पुरम, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देबाशीष पॉल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देबाशीष पॉल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **Reg. No. 11405/19 U/S 138 NI ACT, थाना: केशव पुरम, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **देबाशीष पॉल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दिव्या अरोड़ा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी-04
कमरा नं. 112, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/16188/NW/2024
(Court Matter)


## पेज एक के शेष

### योगी के मंत्रियों ने...

किया कि कुंभ स्थल पर छत्तीसगढ़ का भी एक पंडाल लगाया जाए। पंडाल में छत्तीसगढ़ से कुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और भोजन की व्यवस्था रहेगी।

### कुंभ के लिए...

स्पेशल ट्रेनों के परिचालन से दुर्ग-नौतनवा और बरौनी एक्सप्रेस से वेटिंग कम होगी। इन दोनों ट्रेनों में पहले दिन 100 से अधिक वेटिंग हो चुकी है। इसके अलावा शनि और रविवार को भी सीट फुल हो चुकी है। यात्रियों को वाराणसी जाने के लिए कन्फर्म सीट नहीं मिल रही थी, लेकिन अब स्पेशल ट्रेन से 4500 यात्री आरामदायक सफर कर सकते हैं।

**रायपुर के यात्री इसमें कर सकते हैं सफर :** 08791/08792 दुर्ग-वाराणसी-दुर्ग कुंभ मेलास्पेशल, दुर्ग से दिनांक 8 फरवरी (शनिवार)को व वाराणसी से दिनांक 10फरवरी सोमवार) को रवाना होगी। यह ट्रेन रायपुर से होकर गुजरेगी। इसमें 22 कोच की सुविधा है।- - 08253/08254 बिलासपुर-वाराणसी-बिलासपुर कुंभमेला स्पेशल ट्रेन, बिलासपुर सेदिनांक 22 फरवरी, शनिवार को व वाराणसी से 24फरवरी, सोमवार को रवाना होगी। यह ट्रेन रायपुर से गोंदिया होते हुए वाराणसी जाएगी।

### धनखड़ के खिलाफ...

अनुच्छेद 67 में उपराष्ट्रपति की नियुक्ति और उन्हें पद से हटाने से जुड़े तमाम प्रावधान किए गए हैं। संविधान के अनुच्छेद 67(बी) में कहा गया है, उपराष्ट्रपति को राज्यसभा के एक प्रस्ताव, जो सभी सदस्यों के बहुमत से पारित किया गया हो और लोकसभा द्वारा सहमति दी गई हो, के जरिये उनके पद से हटाया जा सकता है। लेकिन कोई प्रस्ताव तब तक पेश नहीं किया जाएगा, जब तक कम से कम 14 दिनों का नोटिस नहीं दिया गया हो, जिसमें यह बताया गया हो ऐसा प्रस्ताव लाने का इरादा है।

### आश्रम में दूषित...

थी, इसकी जांच की जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक आईसीयू में भर्ती 9 बच्चों में से गंभीर हालत के दो बच्चों को मेडिकल कालेज डिमरापाल भेजने के दौरान एक बच्चे ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं दूसरे बच्ची का इलाज मेकाज में चल रहा है। एफएसएल की टीम बीजापुर अस्पताल पहुंचकर बच्चों का सैंपल मेडिकल कॉलेज भेजा है। माता रुक्मिणी बालिका आश्रम धनोरा में अध्ययनरत छात्रा पूजा गोटा, प्रमिला कुंजाम, मीना हेमला, राधिका पुलसुम और दीपिका हपका ने बताया कि रविवार को सुबह आश्रम में खीर-पुड़ी, दोपहर को चना आलू और शाम को पनीर मटर खाने में दिया गया था। सोमवार की सुबह तीन से चार बजे के आसपास अचानक बच्चों को उल्टी दस्त होने लगा।

### 15 दिनों में डीएड .....

के दौरान शासन ने भी डीएड, डीएलएड वाले 2855 अभ्यर्थियों की लिस्ट कोर्ट में पेश की। कोर्ट ने पूछा कि पूरी प्रक्रिया करने कितना समय और चाहिए। शासन के वकील ने कहा कि अभी मिड सेशन में नई नियुक्ति से परेशानी होगी, तो कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह बेंच सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 6 माह का समय और नहीं बढ़ा सकती है, यह अधिकार हमें नहीं है। हाईकोर्ट ने शासन को सिर्फ 15 दिन का समय देते हुए डीएड धारियों की भर्ती प्रक्रिया और नियुक्ति पूरी करने का अंतिम अवसर दिया है।

### किसी भी विषय ...

इसके द्वारा सुझाए गए बदलावों को आयोग ने हाल ही में हुई बैठक में मंजूरी दे दी। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, यह परीक्षा 2025 से केवल कंप्यूटर आधारित प्रारूप में आयोजित की जाएगी। हमने पिछले साल 'हाइब्रिड' प्रारूप (कंप्यूटर आधारित एवं उत्तर पुस्तिका वाली व्यवस्था) में परीक्षा आयोजित की लेकिन अब हम केवल कंप्यूटर आधारित प्रारूप का रुख करेंगे क्योंकि यह परीक्षा के अन्य प्रारूपों की तुलना में कहीं अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित है। उन्होंने कहा, अभ्यर्थियों को सीयूईटी-यूजी में उन विषयों को चुनने की भी अनुमति दी जाएगी, जिनकी पढ़ाई उन्होंने 12वीं कक्षा में नहीं की है, ताकि विद्यार्थियों को उच्चतर शिक्षा में कोई भी विषय चुनने का अवसर मिल सके। कुमार ने कहा, हमने विषयों की संख्या भी 63 से घटाकर 37 कर दी है तथा हटा दिये गये विषयों के लिए प्रवेश सामान्य योग्यता परीक्षा (गैट) में मिले अंक के आधार पर दिये जाएंगे। तैंतीस भाषाओं के लिए अलग परीक्षाओं के बजाय, केवल 13 भाषाओं के लिए परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी जिनमें असमिया, बांग्ला, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, उड़िया, तमिल, तेलुगु और उर्दू शामिल हैं। क्षेत्र-विशिष्ट विषयों की संख्या 29 से घटाकर 23 कर दी गई है।

**हटाए गए पेपर हैं-** उद्यमिता, शिक्षण योग्यता, फैशन अध्ययन, पर्यटन, कानूनी अध्ययन और इंजीनियरिंग ग्राफिक्स। परीक्षा के 2025 के संस्करण में किये गये बदलावों के बारे में कुमार ने कहा कि विद्यार्थी अब छह के बजाय अधिकतम पांच विषयों में 'सीयूईटी-यूजी' दे पायेंगे। यूजीसी अध्यक्ष ने कहा, इसी तरह, परीक्षा की अवधि, जो विषयों के हिसाब से 45 मिनट से 60 मिनट तक होती थी, अब 60 मिनट के रूप में मानकीकृत कर दी गई है। परीक्षा में वैकल्पिक प्रश्नों की अवधारणा भी समाप्त कर दी गयी है और अब सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे। 'सीयूईटी-पीजी' की अवधि 105 मिनट से घटा कर 90 मिनट कर दी गई है। कुमार ने कहा, मंजूर किये गए बदलावों को हितधारकों की प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध किया जाएगा और प्रतिक्रिया पर गौर करने के बाद एक अधिसूचना जारी की जाएगी।

## फिल्म स्टार धर्मेंद्र ने की धोखाधड़ी! मिला समन



**नई दिल्ली।** वेटरन एक्टर धर्मेंद्र और उनके साथ दो लोगों को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने समन भेजा है। यह समन दिल्ली के बिजनेसमैन की दायर की गई शिकायत पर जारी किया गया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गरम धरम ढाबा की फ्रेंचाइजी मामले में उनके साथ धोखाधड़ी हुई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि गरम धरम ढाबा में इन्वेस्ट करने के लिए उन्हें मिस गाइड किया गया है। हालांकि इस पूरे मामले पर सनी सुपर साउंड और विजेता फिल्म्स के सीईओ निशिष मुबार ने कहा है कि हमारे पास कोई नोटिस नहीं आया है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**

Website – www.nagarnigamdhamtari.com, Email ID-commissionerdhamtari@gmail.com, फोन नम्बर / फैक्स नम्बर 07722-241599

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

Main Portel : http/eproc.cgstate.gov.in

Municipal Corporation Portal : http:/WWW.nagarnigam, dhamtari.com

क्रमांक/क/कार्य.अभि./स्था. शाखा / ई निविदा/2024/4071 धमतरी, दिनांक 06/12/2024

नगर पालिक निगम धमतरी को विभिन्न विभागीय कार्यों के लिए आवश्यकतानुसार श्रमिकों के नियोजन / प्रदाय (निर्धारित शासकीय न्युनतम मजदूरी दर पर) हेतु श्रम विभाग में पंजीकृत एवं कर्मचारी भविष्य निधि में पंजीकृत तथा http//cgeprocurement.gov.in में पंजीकृत श्रम नियोजकों / पंजीकृत एन.जी.ओ./ पंजीकृत प्लेसमेंट एजेंसियों से श्रमिकों की श्रेणी / कार्य के अनुसार पर्यवेक्षक शुल्क / निविदा दरें प्रतिशत आधार पर (शासन को देय समस्त करों - आयकर, वाणिज्य कर, सर्विस टेक्स एवं श्रमिकों के इन्श्योरेंस, पी. एफ. आदि सहित) 01 वर्ष (01.03.2025 से 28.02.2026) के लिए दिनांक 30/12/2024 तक ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | विभाग | श्रमिकों की संख्या | अनुमानित लागत राशि (रू.) | अमानत राशि (रू.) | टेण्डर सिस्टम नंबर |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विधुत / यांत्रिकी, सामान्य प्रशासन, सफाई जमादार, चालक, कुष्ठ औषधालय, उद्यानिकी, राजस्व / बाजार एवं उच्चतर माध्यमिक शाला हेतु 66 श्रमिक एवं जल कार्य, डाटासेंटर, परिसंपत्ति रखरखाव एवं लोक निर्माण व भवन अनुज्ञा शाखा हेतु 58 श्रमिक (उच्चकुशल / कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक) | 124 | 15700000.00 | 125000.00 | 162539 |
| 02 | स्वास्थ्य एवं स्वच्छता हेतु 75 श्रमिक एवं स्वच्छता कमांडो हेतु 25 एवं सफाईकर्मी हेतु 30 श्रमिक (उच्चकुशल / कुशल / अर्द्धकुशल / अकुशल श्रमिक) | 130 | 16800000.00 | 135000.00 | 162540 |

निविदा में भाग लेने हेतु इच्छुक फर्म को निर्धारित अमानत राशि एफ.डी.आर. के रूप में स्पीड पोस्ट के द्वारा ही निगम के पक्ष में जमा किया जाना अनिवार्य है एवं 3000.00 रू. डी.डी. आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी के नाम से देय होगा।

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के स्थापना शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल Main portal:eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट www.nagarnigamdhmtari.com से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, धमतरी



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

बिलासपुर मण्डल Annexure-I

**पार्सल इ-ऑक्शन - COM/BSP/E-AUCTION/PARCEL/24**

एसएलआर में पार्सल स्थान को पट्टे पर देने के अनुबंध के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्मानुसार हैं-

| कैटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी आरंभ | लॉट क्रमांक/ कैटेगरी | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| बीएसपी-एसएलआर-पार्सल | पार्सल | 18.12.2024 15:00 | 18114-एसएलआर-एफ1-बीएसपी-टाटा-24-1 (पार्सल एसएलआर); 18114-एसएलआर-एफ2-बीएसपी-टाटा-24-1 (पार्सल एसएलआर) | एसएलआर कोचिंग में पार्सल स्पेस (सिंगल कम्पार्टमेंट) | 02 वर्ष |

18114-एसएलआर-आर1-बीएसपी टाटा 24-1 (पार्सल एसएलआर), 18247- एसएलआर-एफ1-बीएसपी-रीवा-24-1 (पार्सल एसएलआर), 18247-एसएलआर-एफ2-बीएसपी-रीवा-24-2 बीएसपी-एसएलआर, 18236-एसएलआर-एफ1-बीएसपी-बीपीएल-24-1(पार्सल एसएलआर), 18236- एसएलआर-एफ2-बीएसपी बीपीएल- 24-1 (पार्सल एसएलआर), 18257-एसएलआर-एफ1-बीएसपी- सीएचआरएम 24-2 (पार्सल एसएलआर), 18257-एसएलआर-आर1-बीएसपी सीएचआरएम 24-1(पार्सल एसएलआर), 11202-एसएलआर-एफ1-एसडीएल-एनजीपी-24-2 (पार्सल एसएलआर), 11202-एसएलआर-आर1-एसडीएल-एनजीपी 24-2 (पार्सल एसएलआर), 22407-एसएलआर-एफ1-एबीकेपी-एनजेडएम-24-1 (पार्सल एसएलआर), 17481-एसएलआर-आर1-बीएसपी-टीपीटीवाई-24-1 (पार्सल एसएलआर), 18234-एसएलआर-आर1 -बीएसपी- आईएनडीबी - 24-1 (पार्सल एसएलआर), 12849-एसएलआर-एफ1-बीएसपी पीयूएनई-24-1 (पार्सल एसएलआर), 22619-एसएलआर-एफ1-बीएसपी- टीईएन - 24-1 (पार्सल एसएलआर)

मंडल वाणिज्य प्रबंधक
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/AM/370

South East Central Railway @secrail


## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 5712



**बाएँ से दाए**

1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 5711 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5723

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5722 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

पुरातात्विक

कृष्ण दत्त वाजपेई

## देवगढ़ में मंदिरों के भग्नावशेष



छत्तीसगढ़ के सरगुजा अंचल में अनेक देवी देवताओं के प्राचीन मंदिर और भग्नावशेष खंडित अवस्था में देखे जा सकते हैं। इस अंचल में शैव - शाक्त धर्म का अदभुत समन्वय देखने को मिलता है। शक्ति को ईष्ट देवी मानकर पूजा करने वालों का संप्रदाय शाक्त कहलाया। इसी क्षेत्र के देवगढ़ में गौरी शंकर मंदिर को अति प्राचीन माना जाता है। देवगढ़ के एकादश रुद्र मंदिरों के प्रस्तर भग्नावशेष पर उत्कृष्ट कलाकृति भारतीय शिल्प की गौरवमय परम्परा अपने आप में संजोए हुए हैं। इस मंदिर के बड़े बड़े प्रस्तर खंडों पर काल भैरव, गंधर्व और गणेश आदि की मूर्तियां उकेरी गई हैं। इस मंदिर की विशेषता है कि जलाभिषेक के बाद जल मंदिर से बाहर नहीं आता। जनश्रुति के अनुसार यह स्थल अतीत में यमदग्नि ऋषि का तपोस्थल था। दूसरी ओर प्रतापपुर के निकट शिवपुर नामक स्थल में पहाड़ी से एक जल स्त्रोत झरने के रूप में प्रवाहित जल शिवलिंग पर गंगा धार के रूप में प्रवाहित होता हुआ नीचे की ओर बहता है। इस मनोरम दृश्य को देखकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति होती है। यह स्थल भी आराध्य आस्था के एक केंद्र के रूप में जाना जाता है।

सुरता

डा. प्रकाश पतंगीवार

## ब्रिटिश काल में धमतरी के प्रथम रेंजर माधवराव




सन 1854 में भोंसला राजवंश के पतन के बाद छत्तीसगढ़ ब्रिटिश सत्ता के नियंत्रण में आ गया। धमतरी निवासी माधवराव का बचपन धमधा में बीता। वे यहां के लक्ष्मी नारायण मंदिर के प्रति काफी श्रद्धा रखते थे। शिक्षा नागपुर में हुई और दसवीं तक पढ़ाई पूरी करते ही ब्रिटिश सरकार के वन विभाग में नौकरी लग गई। सन 1888 में 10 दोनों की रायपुर में ट्रेनिंग के बाद रेंजर पद पर नियुक्ति हो गई। 1922 में सिहावा नगरी में जंगल सत्याग्रह आंदोलन प्रारंभ हुआ। आदिवासी जंगल में काम करते थे, उन्हें कम मजदूरी के साथ बेगारी ली जाती थी। वन अधिकारियों के विरुद्ध यह वृहद पैमाने का जेहाद था। जलाऊ लकड़ियां ले जाने पर भी पाबंदियां थी। इस आंदोलन के मुक्तभोगी अधिकारी थे - माधवराव रेंजर।

शैलचित्र

प्रो. शिवलाल

## शैलचित्रों से युक्त सिरोली डोंगरी



रायगढ़ अंचल में सिंघनपुर और कबरा पहाड़ के शैलाश्रयों के दक्षिण में लगभग 70 कि मी की दूरी पर सारंगढ़ तहसील मुख्यालय के उत्तर पश्चिम में 6 कि मी दूर एक प्राचीन अवशिष्ट पहाड़ी सिरोली डोंगरी है। इस पहाड़ी की उत्तर दक्षिण लंबाई 2.4 किमी तथा पूर्व पश्चिम चौड़ाई लगभग 1 कि मी है। पहाड़ी की ढाल पूर्व की ओर है जो क्रमशः समीपवर्ती मैदान में समाप्त हो जाती है। पहाड़ी क्षेत्र में लगभग 15 शैलाश्रयों का निरीक्षण किया गया है। इस पहाड़ी में वन्य जीव, आखेट दृश्य, जलचर, मानव आकृतियां, अनेक प्रतीक चिन्ह की भरमार है। पहाड़ी के शैलचित्र दो स्तरों में प्राप्त होते हैं। प्रथम वे चित्र जिनमें हल्के लाल गेरूआ रंग का प्रयोग किया गया है। दूसरे जिनमें गहरे लाल गेरूआ रंग का प्रयोग किया गया है। हल्के लाल रेखाएं गहरे रंग में दिखाई देते हैं। संपूर्ण इस शैलचित्र की अवधि को मध्य पाषाण काल से प्रारंभिक नव पाषाण युग के बीच रखा जा सकता है। आज की स्थिति में पहाड़ी के चारों ओर गांव है, जहां के आदिवासी कृषक और मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। पहाड़ी प्रायः वनस्पतिविहीन हो चुकी है। आसपास के लोग यहां अपने पालतू जानवर को चराते हैं।

**छत्तीसगढ़ अंचल में आल्हा या तो बुंदेली रूप में गाया जाता है या फिर छत्तीसगढ़ी रूपांतरण के साथ प्रस्तुत होता है। बुंदेली रूप प्रायः पुस्तकों के आधार पर गेय है, जबकि छत्तीसगढ़ी रूप अलिखित व मौखिक परम्परा के अनुरूप एक कंठ से दूसरे कंठ में बसता है। इस लोकगाथा का छत्तीसगढ़ पर इतना प्रभाव पड़ा है कि आल्हा ऊदल के एक भाई को छत्तीसगढ़ी फाग गीतों में भी स्थान मिला है। हालांकि यह तीसरा भाई निर्बल माना गया है।**

# छत्तीसगढ़ अंचल में आल्हा गायन





कला जगत:कुसुमलता सिंह

छत्तीसगढ़ के राऊत जाति के प्रमुख लोकगीत बांसगीतों में भी आल्हा गाया जाता है। बांसगीतों के लोकतात्विक अध्ययन के अंतर्गत कथा है कि हिरण के आखेट के बहाने ऊदल अपने प्रिय बिंदुलिया घोड़े पर सवार होकर उरई पहुंच जाता है। वहां के सरोवर में पानी भरने आई पनिहारिनों से अपने घोड़े को पानी पिलाने को कहता है। पनिहारिनें ऊदल की इस बात को अपना अपना अपमान समझ कर उसकी उपेक्षा करती हैं। ऊदल अपनी गुलेल से उनके घड़ों को फोड़ देता है। पनिहारिने राजा से शिकायत करती हैं। इसे सुनकर वहां के राजा चंदेल के नरेश को विरोध में पत्र लिखते हैं। इस पत्र के उत्तर में चंदेल लिखते हैं कि पनिहारिने के जो घड़े फूटे हैं उनके बदले में स्वर्ण घट भिजवा दिए जाएंगे। इस तरह ऊदल की वीरता के प्रति राजा की आसक्ति का आभास हो जाता है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ी आल्हा भी उसी छंद और लय में गाए जाते हैं जैसे कि मूल बुंदेली में प्रचलित है। इसके अतिरिक्त आल्हा ऊदल का व्यक्तित्व छत्तीसगढ़ी में विकसित होकर उनके व्यापक प्रभाव की गाथा को अभिव्यक्ति करते हैं।



# मनोरंजन के साधनों में बाली मड़ई

**जंगल में मंगल मनाने की तथा विनोदप्रिय मनोवृत्ति के कारण आदिवासी अंचल में बाली मड़ई का आयोजन कहीं न कहीं प्रति वर्ष होता है। यह पर्व आदिवासी लोग अपनी सुविधानुसार तथा व्यय करने की क्षमता वहन करने की स्थिति में कभी भी आयोजित की जाती है।**



उत्सव विशेष : उर्वशी त्यागी

कार्तिक से लेकर फागुन तक यह पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। अपनी श्रद्धा अनुसार मड़ई महोत्सव मनाने का निमंत्रण कोई भी अपनी क्षमताओं को देखकर दे देता है। इस पर्व में नृत्य गीतों का आयोजन एक माह तक होता है। इस पर्व के अंतिम दिन उस गांव में भरती है, जहां बाली पर्व रखा जाता है। इस मड़ई की शुरुआत भीमा-भीमसेन और रयली - कोदनी की स्थापना गांव के एक किनारे पर करने के पश्चात प्रारम्भ होती है। उसके पास ही झोपड़ियां बना कर पूजा एवं नृत्य के लिए मंच स्थापित किया जाता है। इस मड़ई के प्रथम दिन गांव की प्रौढ़ महिला जिसे गुरु माता कहा जाता है, धनकुल वादन के साथ देवी के गीत गाती हैं। यहां रात भर नृत्य गीतों का आयोजन किया जाता है। पर्व के अंतिम दिन नृत्य के लिए ऊंचा मचान बनाया जाता है और विशाल समारोह के पश्चात पर्व के समापन की घोषणा की जाती है। पर्व समापन पर युवक युवतियां प्रसाद का आदान - प्रदान कर बालीफूल जैसे मधुर मित्रता के बंधन में जीवन भर बंध जाते हैं। यह बाली पर्व वर्षों तक यादगार बना रहता है। इसलिए यहां के लोगों के मुंह से सुना जाता है - **सब मड़ई बार बार, बाली मड़ई एक बार।**

लोक साहित्य

डा. ब्रजभूषण सिंह

## छत्तीसगढ़ी में त्रिभंगी छंद का प्रथम प्रयोग

छत्तीसगढ़ी के महाकवि बिलासपुर निवासी कपिलनाथ कश्यप जी की महाकाव्य के समान ही कश्यप जी के दो खंड सीता की अग्नि परीक्षा और हीरा कुमार की छत्तीसगढ़ी में दो उत्कृष्ट रचनाएं हैं। गद्य और पद्य दोनों पर कश्यप जी का समान अधिकार था। डहर का कांटा उनकी प्रकाशित कथा संग्रह है, जिसमें दस कहानियां हैं, इनमें छत्तीसगढ़ के जन जीवन का सचित्र चित्रण देखने को मिलता है। इन कहानियों में समस्याओं के साथ आंचलिकता का भी पुट मिलता है। उनकी राम कथा प्रथम महाकाव्य है जिसमें त्रिभंगी छंद का प्रयोग प्रथम बार देखने में आया। उनके काव्य के इस अंश को देखें जिसमें उद्धव गोपीकाओं को भोग से योग की ओर, भक्ति से ज्ञान की ओर तथा हृदय से विवेक की ओर मोड़ देने की योजना लेकर ब्रज आए -

चार दिना मंह लौटूगो,
हरि से कहिके ब्रज आयउ धाई,
बीत गयो षटमास अहो,
कहिहो अब का हरि जू दिय जाई।

ज्ञान को गर्व गयो मन से,
हरि प्रेम रहयो अब सो मन छाई,
गोपी नहीं हरि के प्रतिमूरति,
जाहि थके निगमागम गाई।



गांव की कहानी

डा. सुभाष दत्त झा

# चंपा पुष्प के कारण नाम हुआ चांपा



**छत्तीसगढ़ के चांपा नगर का नाम पर माना जाता है कि चंपा पुष्प की अधिकता के कारण हुआ। इतिहास की दृष्टि से चंपावती या चंपा नगरी प्राचीन**

प्राचीन काल में हैहयवंशी राजाओं के अर्थात कल्चुरी राजाओं के इतिहास में ऐसे अनेक प्रसंग मिलते हैं जब राजाओं ने अपने नाम से नगरों का नामकरण किया है यथा जाजल्य देव ने जांजगीर, तख्त सिंह ने तखतपर तथा रत्नसिंह ने रतनपुर नाम रखा। इसी तरह चन्द्रहासिनी के नाम पर चन्द्रपुर और माता अंबिका के नाम पर अंबिकापर रखा गया। ऐसा ही अनुमान चांपा नगर के नाम पर अनुमान लगाया जाता है। कल्चुरी रानी पुत्र पुत्री में से या फिर राजा वीर सिंह देव ने अपनी पत्नी चंपावती के नाम से या रतन सिंह जाजल्य देव ने अपनी मां चंपावती के नाम पर चंपावती रखा होगा, जो कालांतर में चांपा नाम से विख्यात हो गया। यह भी अनुमान लगाया जाता है कि चांपा अर्थात धनुष जो खींचने की क्रिया से जुड़ा है, यहां कोसा उद्योग अत्यंत उन्नत दिशा में है जो देश विदेश में निर्यात किया जाता है। यह कोकून से निकाला जाता है जो जगदलपुर और अनेक क्षेत्रों से आता है। इसे महिलाएं उबालने के पश्चात साफ करती हैं तथा चिचोला (इमली के बीज) और चावल के मांड से साफ करती हैं यह क्रिया पैरों और हाथों से की जाती है। तत्पश्चात इसके लंबे धागे खींचे जाते हैं यही खींचने की क्रिया चांप क्रिया के कारण यह क्षेत्र चांपा कहलाया।



## खबर संक्षेप

### पत्नी पर चलाया ब्लेड पति गिरफ्तार

**भिलाई।** पत्नी के चरित्र पर संदेह को लेकर विवाद के बाद पति ने ब्लैड से कई बार वार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 324 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा टीआई पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि ग्राम भटगांव निवासी शिव प्रसाद नेताम और पत्नी रुपा का अक्सर विवाद हुआ करता था। घटना के दिन विवाद इतकना बढ़ गया कि शिव प्रसाद ने अपनी पत्नी को ब्लैड से वार कर गंभीर रुप से घायल कर दिया। घटना में रुपा को गला समेत शरीर के विभिन्न अंगो में चोट आई है।

### सड़क हादसे में एक की मौत के बाद क्षतिग्रस्त बाइक हुई चोरी

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिरदा के आगे झगरेनडीह रोड़ पर सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे में क्षतिग्रस्त मोटर सायकल को किसी ने चोरी कर लिया, जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, 31 अगस्त को ग्राम भठोरी निवासी प्रेमलाल पटेल घर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 केएस 1459 में अपने रिश्तेदारी में ग्राम भतकुंदा गया था। भतकुंदा से घर लौटते समय शाम करीब 5 बजे पिरदा के आगे झगरेनडीह रोड़ पर अज्ञात वाहन की ठोकर से प्रेमलाल की मौत हो गई।

### प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ लिया बड़ा एक्शन

# डोंगरगढ़ नपा में लाखों का घोटाला सीएमओ सहित 5 अधिकारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव / डोंगरगढ़

भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ प्रदेश सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। जिले के डोंगरगढ़ नगर पालिका में वित्तीय अनियमतिता की शिकायत के बाद तत्कालीन सीएमओ यमन देवांगन सहित पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इन अफसरों के खिलाफ जांच में वर्ष 2022 से 2024 के मध्य कराए गए शासकीय कार्यों में भ्रष्टाचार करना पाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार इन पांच अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई के पीछे डोंगरगढ़ नगर पालिका में 2022-23 के दौरान अध्यक्ष एवं पार्षद निधि के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7, 9, 15, 20, 21 एवं 22 में नलकूप खनन कार्य, वार्ड क्र. 6 में नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 8 उद्यान निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 9 में इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक कार्य, वार्ड क्र. 11 में नाली रोड, मुक्तिधाम में स्टोर रूम निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 19 में आरसीसी नाली निर्माण, सीसी प्लोरिंग कार्य, वार्ड क्र. 21 में पाईप लाइन विस्तारीकरण कार्य, वार्ड 23 में जिम सामग्री क्रय, पानी टंकीमय मोटर पंप स्थापना कार्य शामिल है। इसके अलावा मंच निर्माण कार्यों हेतु निविदा समिति में लेखापाल को समाहित नहीं किया गया। जिससे वित्तीय परीक्षण प्रश्नाधीन होने, प्लेसमेंट कर्मचारी को प्रभारी लिपिक का दर्जा देते निविदा समिति में सदस्य बनाए जाने, विभिन्न कार्यों में बिना गुणवत्ता परीक्षण, बगैर टेस्ट रिपोर्ट के अनियमित भुगतान की कार्रवाई करने, समस्त कार्यों में प्रयुक्त होने वाले लोहे का विवरण माप पुस्तिका में इंद्राज नहीं कर मैन्युअल प्रावधानों के विपरीत कार्य करने, धड़ी स्थापना में बगैर वित्तीय स्वीकृति के भुगतान तथा 14वें वित्त आयोग मद अंतर्गत वर्ष 2020-21 में रोड निर्माण में त्रुटिपूर्वक निविदा कार्रवाई निष्पादित कर गुणवत्ताहीन कार्य कराने के लिए प्रारंभिक जांच में अवचार का दोषी पाए गए हैं।

### नगर पालिका के अफसरों पर कार्रवाई से मची खलबली




#### हरिभूमि की खबर का असर

डोंगरगढ़ नगर पालिका में पदस्थ अधिकारियों के कार्यकाल में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी और फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है। हरिभूमि ने इस फर्जीवाड़े की पोल भी खोली थी। राज्य शासन ने मामले को गंभीरता से लेते जांच के आदेश जारी किए थे। जांच के बाद शासन ने दोषियों पर बड़ी कार्रवाई की है।

#### बिना टेस्ट रिपोर्ट से भुगतान

नगर पालिका में पदस्थ अफसरो द्वारा निर्माण कामों के भुगतान में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी की है। बिना टेस्ट रिपोर्ट के ही भुगतान कर दियाग या है। वहीं फिल्टर प्लांट में लगने वाले एलम और प्लीचिंग पावडर की वित्तीय सीमा से ज्यादा की खरीदी कर दी है।

#### ये अफसर किए गए निलंबित

मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन डोंगरगढ़ नपा सीएमओ यमन देवांगन, प्रभारी नपा प्रमोद शुक्ला, उप अभियंता रितेश स्थापक, उप अभियंता किशोर ठाकुर एवं लेकापाल दीपा भिवगढ़े का नाम शामिल है। इन सभी के खिलाफ प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी करना पाया जाने के बाद एक्शन लिया गया है।

# तेलंगाना सीमा पर नक्सलियों ने कार को किया आग के हवाले



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

24 वीं वर्षगांठ मना रहे नक्सलियों ने सोमवार को तेलगांना व छग के बीजापुर की सीमा से गुजर रही कार को आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद चिंतुर पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है।

गौरतलब है कि नक्सलियों ने 2 से 8 दिसबंर तक पीएलजीए की 24 वीं वर्षगांठ मनाने का एलान किया था वहीं 9 दिसम्बर को बंद का आव्हान किया था। बंद के दौरान नक्सलियों ने बीजापुर और तेलंगाना सीमा में आगजनी की घटना को अंजाम देते हुए मार्ग से गुजर रही एक कार को आग के हवाले कर दिया। आगजनी की सूचना मिलते ही चिंतुर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन घटनास्थल में कोई भी नहीं मिला और वाहन का चालक भी पता नहीं लग सका।

जानकारी के मुताबिक कुछ दिन पूर्व बीजापुर और तेलंगाना सीमा से सटे इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच में मुठभेड़ हुआ था जिसमें सुरक्षाबलों ने सात नक्सलियों को मार गिराया था। इसी घटना के विरोध में नक्सलियों ने 9 दिसंबर को बंद का आव्हान किया था। आमतौर पर बंद के दौरान वाहनों की आवाजाही बंद रहती है। लेकिन बंद के दौरान नक्सलियों ने इलाके से गुजर रहे कार को रोककर उसे आग के हवाले कर दिया।

#### सवार व अन्य का सुराग नहीं लगा

*घटना की जानकारी लगते ही चितुर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन घटनास्थल के आसपास वाहन में सवार चालक व अन्य लोगों का कोई सुराग नहीं लग सका चिंतुर पुलिस मामले की जांच कर वाहन में सवार लोगों की पतासाजी कर रही है।*

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152




रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस
रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

**अन्य**

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

**आवश्यकता है-** आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- 8398942532.(RO-588)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 8981475043.(RO-816)

**आवश्यकता है-** पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 7450945537.(RO-751)

**Finance फायनेंस**

**फाइनेंस -** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट हेल्पलाइन नंबर:- 7988242279, 7988242279. (RO-3151)

**फाइनेंस -** गणपति फाइनेंस (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) संपर्क:- 9201990930. (RO-3152)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

**अर्जेन्ट आवश्यकता है -** रायगढ और रायपुर प्लांट हेतु सिक्युरिटी गार्ड एवं सिक्युरिटी सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता : - 10वीं, 12वीं हाइट :- 5.6 इंच सुविधा :- रहना + खाना + PF + ESIC वेतन :- 14500 - 18000 पता :- 6 फ्लोर, ऑरेंज हाइव मेन रोड मोवा थाना रायपुर सम्पर्क :- 8109070600, 7869230888. (RO-6437)

**मैनेजर/टैलीकॉलर**

**आवश्यकता है-** दुर्ग-भिलाई ऑफिस पर 1 मैनेजर, 5 टीमलीडर, 30 फील्ड एक्जीक्यूटिव, 5 टेलीकॉलर हेतु लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन 10,000 - 15,000 + कमीशन। योग्यता 8वीं - स्नातक। अनुभव जरूरी नहीं। सम्पर्क करें - 7000882132.(RO-6444)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**दुकान कार्य**

**आवश्यकता है-** रेडीमेट कपडे की थोक दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लडके एंव लडकियों की आवश्यकता है संपर्क नंद होजियरी डिपो जयहिन्द होजियरी मार्केट पंडरी रायपुर मों- 9300188811. (RO-1019)

**आवश्यकता है-** नवयुवक: दुकान काम माल दिखाना एवं माल जमाने हेतु।। सम्पर्क:- समय 10 से 3 बजे मोबाइल 7879311110, ड्यूटी 10 से 8 बजे संपर्क पता- श्री ट्रेडर्स, इंटीरियर वर्ल्ड, भाटागांव जलगृह मार्ग। (RO-3153)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरूम में काम करने हेतु सेल्समेन, सेल्सगर्ल, अकाउंटेंट, एवं हेल्पर की आवश्यकता है रायपुर लोकल रहने वाले ही संपर्क करें:- विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर Mob. 9425216364, 9425522576. (RO-3142)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**ऑफिस असिस्टेंट**

**आवश्यकता है कार्यालय हेतु -** DR. BUSI HEALTH CARE PRIVATE LIMITEL, VASUNDHARA NAGAR BHILAI CHARODA, OFFICE ASSISTANT हेतु 2 वर्ष से अधिक, किसी भी कम्पनी के कार्यालय में कार्य करने का अनुभवी उम्मीदवार लड़का या लड़की की अवश्यकता है। Graduate, English medium. Computer. की जानकारी हो, व स्थानिय उम्मीदवार को प्राथमिकता (सैलेरी 6000-8000) उम्मीदवार अपना बायोडाटा drbusi-healthcare@gmail.Com पर दिनाँक 13/12/2024 तक भेज सकते है उम्मीदवार का विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से इन्टरव्यू लिया जायेगा। चयनित उम्मीदवार को अन्तिम इन्टरव्यू के लिये physicaly बुलाया जायेगा। (आरो न.-7151)

छोटा विज्ञापन

**सफाई कार्य**

**आवश्यकता है-** ज्योति ऑप्टिकल आदर्श नगर पोटिया चौक के पास व तहसील ऑफिस रोड सराफा बाजार दुर्ग में साफसफाई हेतु बाई की ,कार्य समय 9:30 से 8:30, मिले- शाम 4से5 ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग (आरो न.-1846)

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** उरला कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को एवं ड्राइवर की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे- डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा 94242-25533. (RO-440)

**आवश्यकता है-** N.S.N.कंपनी में आवश्यकता हैं लड़कियों एवं महिलाओं की उम्र 18 से 35 वर्ष सैलरी 12000/- से 15000/- रहने की सुविधा, संपर्क करें:- रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.) Mob. 9589295885, 9993929100.(RO-3110)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**Business व्यापार**

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)




Healthcare

**सोरायसिस एवं समस्त चर्म रोग हर्पिस एवं यौन रोग, हेपाटाइटिस एच.आई.वी. रोग (AIDS) एड्स**

इन रोगों का स्थाई इलाज केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा है ही नहीं। यह बीमारी शरीर के जीवन चक्र को ही खराब कर देता है अत: इसे किसी तरह दबाने की गलती भूल कर भी न करें।

- सोरायसिस रोग एवं समस्त चमड़ी रोग शरीर मे तांबे रंग के छिलके, पपड़ी युक्त दांग, सर मे रुसी का भ्रम, नाखूनों का सड़ना, उँगलियों का टेढ़ा पन, घुटने में काट दर्द एवं शरीर अपंग होकर बदबू जैसे आने लगते हैं, सावधान।
- एच.आई.वी., एड्स (HIV, AIDS) एवं हर्पिस रोग (जोस्टर, जेंटेलियस एवं हर्पिस, सिम्पलेक्स) स्त्री, पुरुष के गुप्तांगों मे दाने, छाले, फफोले, फुंसी, चमड़ी फटना, जलन, दर्द, योनि मार्ग से बदबू, सफेद पीले पानी जाते हो तो यह हर्पिस रोग या एच.आई.वी हो सकता है। कइयों को हो चुका है, यह न्यूरोट्रोपिक वायरस है जो शरीर के अंग को लकवा मारने जैसा कर देता है एवं हेपटायटिस, सिफलिस, गोनोरिया (मूत्र मार्ग से पस जाते) हो तो तुरंत खून की जांच करायें, यहाँ जांच की पूर्ण व्यवस्था है। यदि खून का रिपोर्ट पॉजिटिव हुआ तो रोने पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा क्योंकि अन्य चिकित्सा मे इसका उपाय है ही नहीं।
- समस्त यौन रोग एवं यौन (सेक्स) कमजोरी, शीघ्रपतन, प्रोस्टेट विकार, यूरेथ्रास्ट्रक्चर बूँद बूँद पेशाब आना इत्यादि।
- बहुचर्चित विख्यात चिकित्सक डॉ. एच.सी. अग्रवाल के 42 वर्षों के चिकित्सा अनुभव का लाभ बहुतों ने उठाया है आप भी ले सकते हैं। हम आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान के विभिन्न प्रयोग से प्रगतिशील एवं अग्रसर हैं। केंद्र से दो बार राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरस्कार एवं भारत चिकित्सा रत्न से नवाजे जा चुके है। जब सब उपाय असफल हो गए हो तो अवश्य ही मिलें। आने के पूर्व फोन करें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
9425555659, 9617789223,
निशांत अग्रवाल, फार्मा साइंटिस्ट
गुरुद्वारा, रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज (गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग। 9303242200, 7987365434
समय शाम 4.00-7.30 बजे तक
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

# मोटर साइकल- बोलेरो के बीच जबरदस्त भिड़त, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मरकाटोला के सीआरपीएफ कैंप के पास हुई भीषण सड़क हादसा में बाइक सवार दो युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही बोलेरो में सवार लोगों को भी चोट आई है। घायलों को तुरंत संजीवनी 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने बाइक सवार दोनों युवकों की मौत होने की पुष्टि किया। राजाराव पठार में हर साल तीन दिवसीय वीर मेला का आयोजन किया जाता है। मेला देखने के लिए कांकेर, धमतरी व बालोद जिला के अलावा दूर-दूर से लोग पहुंचते है। राजाराव पठार का मेला देखने के लिए ग्राम धनोरा निवासी 23 वर्षीय देवराज कोड़ोपी पिता छेदीलाल और 24 वर्षीय टिकेश्वर मंडावी पिता खिलेश मंडावी बाइक में सवार होकर राजाराव पठार पहुंचे। मेला देखने के बाद वापस घर जा रहे थे। तभी मरकाटोला सीआरपीएफ कैंप के पास बाइक सवार दोनो युवको की बोलेरो वाहन से जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर से बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया व बोलेरो को भी काफी नुकसान हुआ है। भीषण सड़क हादसे में दोनों युवक को गंभीर चोटे



आई थी। आसपास मौजूद लोगों ने संजीवनी 108 को जानकारी दिया।

#### मौके पर ही तोड़ा दम

वाहनों की टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद बस ने अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी और मौके से फरार हो गई। आसपास के लोगों ने तुरंत संजीवनी 108 एंबुलेंस की सहायता से दोनों युवकों को चारामा अस्पताल पहुंचाया। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

#### पठार मेला जाते समय हादसा

वही पठार मेला जाते समय बड़े हादसा में दो बाइक सवारों की मौके पर मौत हो गई। मरकाटोला कैंप के पास 9 दिसंबर को शाम करीबन साढ़े 5 बजे मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 3556 में सवार होकर पठार मेला देखने जा रहे थे।

# यात्रियों से भरी बस पलटी, चार हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

धमतरी से जगदलपुर जा रही यात्रियों से भरी बस मोटर सायकिल को बचाने के प्रयास में मरकाटोला के पास पलट गई, जिसमें 4 यात्री घायल हो गए। घटना मंगलवार के दोपहर की बताई जा रही है, जब धमतरी से जगदलपुर जा रही यात्रियों से भरी महिन्द्रा कंपनी की बस सीजी 07 ई 1484 मरकाटोला मोड़ के पास बाइक चालक को बचाने के चक्कर में सड़क से नीचे पेड़ से टकराते हुए गाड़ी पलट गई, जिसके कारण बस में सवार 4 यात्री घायल हो गए तथा गाड़ी में सवार अन्य यात्री सुरक्षित है। बस पलटने की खबर इतनी तेजी से फैली कि घटना स्थल पर लोगों का हुजुम उमड़ गया तथा आते-जाते हर राहगीर घायलों की पूछ परख कर रहा था। वही बस में सवार कई यात्री अपने आप को सुरक्षित पाकर अपने परिजनों को फोन के माध्यम से जानकारी प्रदान करते दिख रहे थे। घायल यात्रियों को धमतरी के रक्तदान ग्रुप सेवा प्रधान धमतरी के एम्बुलेंस तथा 108 के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बाकी सामान्य यात्रियों को पुनः पुरूर छोड़ा गया।

# मोटरसाइकिल को साइड देने के चक्कर में मेटाडोर पलटी, 10 लोग घायल



**नगरी।** खम्हरिया सांकरा के व्यापारी मेटाडोर में सवार होकर गरियाबंद जिले के साप्ताहिक बाजार भूतबेड़ा जा रहे थे। मोटरसाइकिल को साइड देने के चक्कर में मेटाडोर क्रमांक सीजी 04 एमएन 7604 अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन सोंढूर रोड में लीलांज नदी से 200 मीटर दूर अनियंत्रित होकर पलट गई। मेटाडोर के चारों चक्के ऊपर हो गए। पिकअप में बैठे लोग इधर-उधर गिर गए। व्यापारी, चालक सहित 10 लोग घायल हुए हैं। घटना की जानकारी होने पर पुलिस थाना मेचका प्रभारी आरएन बाजारे बिरेश कुमार रात्रे, भोज प्रजापति अपने दबबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। सोनोग्राफी, एक्स-रे किया गया। वाहन चालक केशव प्रसाद साहू ने बताया कि बाइक वाले को साइड देने के चक्कर में मेटाडोर के ब्रेक चिपक जाने के करण अनियंत्रित होने के करण पलट गई। वाहन में 12 से 14 लोग सवार थे। घायल नीराबाई निषाद पति मोतीराम उम्र 55 वर्ष रानीगांव के माथे, कमर एवं दाहिने हाथ में चोट आई है। सोनी बाई निषाद उम्र 50 वर्ष पति सुंदर हीरापुरको सीना, दाहिने हाथ पैर, देवेंद्र साहू पिता सुरेंद्र साहू उम्र 34 वर्ष कोड़मुड़पारा सांकरा को दाहिना कंधा, दोनों पैर, बालाराम साहू पिता राधेश्याम साहू उम्र 42 वर्ष खम्हरिया दोनों हाथ की कलाई, दोनों घुटने, लकी साहू पिता केशव साहू उम्र 17 वर्ष रानीगांव को बाएं हाथ की कुहनी, अभिजीत पिता ओंकार उम्र 28 वर्ष सारंगपुरी को दायीं आंख के पास, बाये हाथ की कुहनी, हुलेश साहू पिता केशव साहू उम्र 40 वर्ष स्कूलपारा सांकरा बायीं आंख के ऊपर, योगिता साहू पिता केशव उम्र 24 वर्ष सारंगपुरी को सीने, पुष्प कुमार साहू पिता अरुण साहू उम्र 27वर्ष सांकरा को बायां हाथ, सिर, अरुण साहू पिता डोमार उम्र 50 वर्ष सांकरा को दाहिना हाथ पैर व कंधे में चोट आई है। गंभीर हुलेश साहू पिता केजूराम साहू, योगिता साहू पिता केशव साहू को बेहतर इलाज के लिए धमतरी रेफर किया गया है।

## खबर संक्षेप



### अमेजन भारत से 80 अरब डॉलर का निर्यात करेगा

**नई दिल्ली।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अमेजन ने 2030 तक भारत से कुल 80 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात करने की मंगलवार को प्रतिबद्धता जताई। यह 2025 तक 20 अरब अमेरिकी डॉलर के मौजूदा लक्ष्य से काफी अधिक है। अमेजन के उभरते बाजारों के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कंपनी के वार्षिक 'संभव शिखर सम्मेलन' में यह घोषणा की।

### कॉनएक्सपो में 1,000 से अधिक ब्रांड लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** निर्माण प्रदर्शनी बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 में करीब 100 देशों के 1,000 से अधिक ब्रांड हिस्सा लेंगे। चार दिन की प्रदर्शनी बुधवार से शुरू हो रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इस एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इसमें 75,000 आगंतुकों के आने की उम्मीद है। बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 का आयोजन 11-14 दिसंबर, 2024 तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में किया जाएगा।

### एआई के छोटे विमानों में वायरलेस मनोरंजन सेवा



**मुंबई।** एयर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपनी वायरलेस मनोरंजन सेवा का विस्तार छोटे आकार वाले विमानों के बेड़े तक कर दिया है। एयर इंडिया ने कहा कि वायरलेस सेवा 'विस्टा स्ट्रीम' यात्रियों को स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप जैसे व्यक्तिगत इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर विविध मनोरंजन सामग्री को सीधे स्ट्रीम करने में सक्षम बनाती है। इस साल अगस्त में शुरू हुई यह सेवा पहले से ही उसके चौड़े आकार वाले विमानों के बेड़े का हिस्सा है।

### भारत फोर्ज ने क्यूआईपी से 1,650 करोड़ जुटाए



**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा कंपनी भारत फोर्ज लिमिटेड ने पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 1,650 करोड़ रुपये जुटाये हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा, यह निर्गम सोमवार को बंद हुआ। इसकी कीमत 1,320 रुपये प्रति शेयर रही जबकि नियामकीय जरूरतों के अनुसार न्यूनतम मूल्य 1,323.54 रुपये प्रति शेयर था।

### ईकेए मोबिलिटी को ई-बसों के लिए मिला ठेका



**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी ईकेए मोबिलिटी को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) से 70 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति के लिए करीब 150 करोड़ रुपये के दो ठेके मिले हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा, इनमें बसों की आपूर्ति के साथ उनका रखरखाव शामिल है।

### चीन का निर्यात धीमा आयात में गिरावट



**हांगकांग।** चीन का निर्यात नवंबर में धीमा रहा और आयात में गिरावट आई है। सीमा शुल्क के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, निर्यात में पिछले साल की तुलना में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि अक्टूबर में इसमें 12.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। विश्लेषकों ने निर्यात में आठ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का अनुमान लगाया था। आयात में सालाना आधार पर 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई।

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश नवंबर में 14 प्रतिशत घटा, एसआईपी का आंकड़ा स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश नवंबर में मासिक आधार पर 14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 35,943 करोड़ रुपये रहा है। विभिन्न व्यापक आर्थिक कारक, भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों से उत्पन्न अस्थिरता इसकी मुख्य वजह रही। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, गिरावट के बावजूद यह शेयरों में निवेश करने वाले कोषों में शुद्ध प्रवाह का लगातार 45वां महीना है, जो निवेशकों के बीच म्यूचुअल फंड के बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है।

### अमेरिकी चुनाव के कारण अस्थिरता बढ़ी

इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) से मासिक योगदान पिछले महीने 25,320 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा। अक्टूबर में यह 25,323 करोड़ रुपये था। मोतीलाल ओसवाल एएमसी के अखिल चतुर्वेदी ने कहा, विभिन्न व्यापक आर्थिक कारकों, भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और अमेरिकी चुनाव परिणामों के कारण अस्थिरता बढ़ गई।



### शेयरों में निवेश वाली योजनाओं में भी गिरावट

वहीं उद्योग की प्रबंधन अधीन शुद्ध परिसंपत्तियां पिछले महीने बढ़कर 68.08 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो अक्टूबर में 67.25 लाख करोड़ रुपये थी। आंकड़ों के अनुसार, शेयरों में निवेश वाली योजनाओं में अक्टूबर में 41,887 करोड़ रुपये की तुलना में नवंबर में 35,943 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

### बांड में निवेश बढ़ा

इसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में निवेशकों ने निवेश करते समय देखो और इंतजार करो का रुख अपनाया। कुल मिलाकर म्यूचुअल फंड उद्योग में समीक्षाधीन महीने में 60,295 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जबकि अक्टूबर में यह 2.4 लाख करोड़ रुपये था। इसकी एक प्रमुख वजह बांड में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड के प्रवाह में भारी गिरावट है।

### लार्ज कैप में निवेश घटकर 2548 करोड़

नवंबर में बड़ी कंपनियों (लार्ज कैप) में निवेश करने वाले म्यूचुअल फंड में निवेश 26 प्रतिशत घटकर 2,548 करोड़ रुपये रह गया, जो इससे पिछले महीने 3,452 करोड़ रुपये था। मिड कैप फंड मासिक आधार पर 4.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,883 करोड़ रुपये और स्मॉल कैप नौ प्रतिशत बढ़कर 4,112 करोड़ रुपये रहा।

### *थीमैटिक श्रेणी ने निवेशकों को किया आकर्षित*

*इसमें क्षेत्रवार या विषय-वस्तु आधारित थीमैटिक श्रेणी ने समीक्षाधीन महीने में 7,658 करोड़ रुपये के उच्चतम शुद्ध निवेश के साथ निवेशकों को आकर्षित किया। हालांकि, इस खंड में निवेश अक्टूबर में 12,279 करोड़ रुपये और सितंबर में 13,255 करोड़ रुपये की तुलना में कम था। इसके बाद फ्लेक्सी कैप फंड्स का स्थान रहा जिसमें नवंबर में 5,084 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।*

## आरबीआई गवर्नर दास कार्यकाल के अंतिम दिन मीडिया से हुए रूबरू

# केवल रेपो दर नहीं, वृद्धि में गिरावट के लिए कई और कारक भी जिम्मेदार : दास

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निवर्तमान गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि में नरमी के लिए सिर्फ रेपो दर नहीं, बल्कि कई अन्य कारक भी जिम्मेदार हैं। केंद्रीय बैंक प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के अंतिम दिन मीडिया से दास ने कहा कि वृद्धि-मुद्रास्फीति संतुलन को बहाल करना केंद्रीय बैंक के समक्ष सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। दास ने अपने छह साल के कार्यकाल में कोविड-19 वैश्विक महामारी के अलावा यूक्रेन तथा पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी प्रमुख भू-राजनीतिक चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था को संभाला है। दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने लगातार 11 बार से रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया है। निवर्तमान गवर्नर ने पत्रकारों से कहा कि लोगों को अपने विचार रखने का अधिकार है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों तथा भविष्य के परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए मौद्रिक नीति को '' जितना संभव हो सके उतना उपयुक्त '' बनाने का प्रयास किया गया है।



**खास बातें**

- मुद्रास्फीति संतुलन को बहाल करने केंद्रीय बैंक के समक्ष महत्वपूर्ण कार्य
- दास ने महामारी के अलावा यूक्रेन युद्ध व कई चुनौतियां का किया सामना




### *रेपो दर में कटौती की मांग तेज हुई*

*केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल ने हाल के दिनों में नीतिगत दरों में कमी करने की सार्वजनिक तौर वकालत की थी। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर की तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आने के बाद रेपो दर में कटौती की मांग और तेज हो गई है।*

### *वृद्धि कई कारकों से प्रभावित होती है*

*ब्याज दर निर्धारण के मुद्दे को आसान न मानने का लोगों से आग्रह करते हुए दास ने कहा, '' मैं इसे इस प्रकार देखता हूं कि वृद्धि कई कारकों से प्रभावित होती है, केवल रेपो दर से नहीं।'' उन्होंने कहा, '' एमपीसी और आरबीआई के भीतर, मुझे लगता है कि हम इस बात से आश्वस्त हैं कि हमने जो किया है वह इन परिस्थितियों में उपलब्ध विकल्पों में से सबसे उचित था।''*

### *भारतीय अर्थव्यवस्था जुझारू व मजबूत*

*दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था जुझारू व मजबूत है तथा इसमें वैश्विक प्रभावों से उचित तरीके से निपटने की क्षमता है। निवर्तमान गवर्नर ने कहा कि उनके उत्तराधिकारी के पास व्यापक अनुभव है और वह संस्थान के लिए सर्वोत्तम काम करेंगे। एमपीसी में बड़े बदलावों में कोई समस्या नहीं दिखती, जिसमें जल्द ही छह में से पांच सदस्य ऐसे होंगे जिनके पास दर निर्धारण का थोड़ा अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि आरबीआई जैसी बड़ी संस्था में '' हमेशा काम जारी रहता है और हमेशा ऐसे कार्य होते हैं जिन्हें पूरा किए जाने की जरूरत होती है।''*

### *नए आरबीआई गवर्नर आज संभालेंगे कार्यभार*

*राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि 11 दिसंबर को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर का पदभार संभालने के बाद वह सभी नजरियों को समझने और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम काम करने की कोशिश करेंगे। वित्त मंत्रालय के बाहर मल्होत्रा ने कहा, 'किसी को भी (इस पद पर काबिज) क्षेत्र, सभी दृष्टिकोणों को समझना होगा और अर्थव्यवस्था के लिए सर्वोत्तम करना होगा।'*



# अगले पांच साल में भारतीय वाहन उद्योग दुनिया में सबसे आगे होगा

## केंद्रीय परिवहन मंत्री गडकरी ने विश्वास जताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को विश्वास जताया कि भारत का मोटर वाहन उद्योग अगले पांच वर्ष में वैश्विक स्तर पर नंबर एक बन जाएगा। गडकरी ने अपने मंत्रालय के दो साल में भारत में लॉजिस्टिक्स लागत को घटाकर नौ प्रतिशत करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को भी रेखांकित किया। 'अमेजन संभव शिखर सम्मेलन' में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने भारत के मोटर वहान उद्योग की उल्लेखनीय वृद्धि का उल्लेख किया जो उनके पदभार संभालने के बाद से सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, '' 78 लाख करोड़ रुपये के साथ पहला स्थान अमेरिका का है। इसके बाद दूसरे नंबर पर 47 लाख करोड़ रुपये के साथ चीन का मोटर वाहन उद्योग है। अब भारत का आकार बढ़कर 22 लाख करोड़ रुपये हो गया है। हम पांच वर्ष के भीतर भारतीय मोटर वाहन उद्योग को दुनिया में नंबर एक बनाना चाहते हैं।'' मंत्री ने कहा कि भारत में प्रतिष्ठित वैश्विक मोटर वाहन ब्रांड की उपस्थिति देश की क्षमता का स्पष्ट संकेत है।उन्होंने कहा कि उनके मंत्रालय का लक्ष्य दो वर्षों के भीतर भारत में लॉजिस्टिक्स लागत को घटाकर एक अंक तक लाना है। गडकरी ने कहा, '' भारत में लॉजिस्टिक लागत 16 प्रतिशत है और चीन में यह आठ प्रतिशत है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में यह 12 प्रतिशत है।

- दो साल में लॉजिस्टिक लागत घटकर नौ फीसदी होगी

### वैकल्पिक व जैव ईंधन अपनाने पर जोर

गडकरी ने वैकल्पिक ईंधन तथा जैव ईंधन को अपनाने के महत्व पर भी बल दिया और कहा कि वाहनों में बायो-एथनॉल का इस्तेमाल करने से ईंधन की लागत में महत्वपूर्ण बचत हो सकती है, साथ ही इससे प्रदूषण में भी कमी आएगी।

## बिजनेस साइट

### प्रीमियम प्रोजेक्ट 'रोजबे ग्रीन्स एक्सटेंशन' में कम कीमत पर प्लॉट उपलब्ध




**रायपुर।** प्रीमियम प्लॉट प्रोजेक्ट 'रोजबे ग्रीन्स एक्सटेंशन' रायपुर के कचना रोड पिरदा चौक के पास स्थित है और इसे ग्राहकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह प्रोजेक्ट स्थानीय क्षेत्र में सबसे कम कीमत पर प्रीमियम प्लॉट्स उपलब्ध करवा रहा है, जो बेहतरीन सुविधाओं से लैस हैं। श्री स्वास्तिक ग्रुप के डायरेक्टर सुनील साहू ने बताया कि इस क्षेत्र में रियल एस्टेट की डिमांड तेजी से बढ़ रही है और रोजबे ग्रीन्स एक्सटेंशन प्रोजेक्ट का लोकेशन और सुविधाएं ग्राहकों को बहुत आकर्षित कर रही हैं। यह प्रोजेक्ट 21 एकड़ में फैला हुआ एक पूरी तरह से विकसित आवासीय कालोनी है, जिसमें 600 से लेकर 1800 वर्गफुट तक के 310 प्लॉट्स उपलब्ध हैं। इन प्लॉट्स की साइज अलग-अलग आय वर्ग के लोगों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तय की गई है। इसके अलावा इस प्रोजेक्ट में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के आर्किटेक्ट्स और लैंडस्केपर्स द्वारा डिजाइन किए गए आधुनिक और आकर्षक लैंडस्केपिंग और आर्किटेक्चरल कार्य किए गए हैं। इस प्रोजेक्ट में क्लब हाउस, मल्टीपर्पस हॉल, योगा जोन, जिम, स्वीमिंग पूल, किड्स प्ले एरिया, इंडोर गेम्स एरिया और गेस्ट रूम जैसी सुविधाएं मौजूद होंगी।

### एलन ऑनलाइन के मिशन 'सक्सेज इज पॉसिबल फ्रॉम एनिवेयर' से जुड़े क्रिकेट आइकॉन धोनी




**कोटा।** हर विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देश में एक बड़ी पहल हुई है। इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी में अग्रणी संस्थान एलन ने क्रिकेट के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी के साथ साझेदारी की है। धोनी अब एलन ऑनलाइन के मिशन 'सक्सेज इज पॉसिबल फ्रॉम एनिवेयर' से जुड़े हैं, जो विद्यार्थियों को उनकी लक्ष्य प्राप्ति में मदद करेगा। एलन के साथ जुड़ते हुए धोनी ने कहा कि जब एलन ऑनलाइन आपके साथ हो, तो सपनों को किसी पिन कोड की आवश्यकता नहीं होती। अगर रांची का युवा दुनिया को जीत सकता है, तो मेरा मानना है कि समर्पण, उचित मार्गदर्शन और सकारात्मक मानसिकता के साथ सफलता संभव है - चाहे आप कहीं से भी हों। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ नितिन कुकरेजा ने कहा कि एमएस धोनी सहजता, संकल्प और उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं और यही गुण एलन भी अपने हर छात्र में सम्प्रेषित करने का प्रयास करता है। वहीं , एलन ऑनलाइन की सीईओ आभा माहेश्वरी ने कहा कि तकनीक ने शिक्षा के क्षेत्र को बदल दिया है। अब स्थान और पहुंच से जुड़ी चुनौतियां समाप्त हो चुकी हैं, और एलन ऑनलाइन के माध्यम से हम अपने विश्वसनीय मार्गदर्शन और शैक्षणिक उत्कृष्टता को छात्रों तक सीधे पहुंचा रहे हैं।

### महिंद्रा जनवरी 2025 से एसयूवी व सीवी की कीमतों में करेगी वृद्धि

**मुंबई।** भारत की प्रमुख एसयूवी निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने जनवरी 2025 से अपनी एसयूवी और वाणिज्यिक वाहन (सीवी) रेंज के लिए कीमतों में वृद्धि करने की घोषणा की है। यह निर्णय बढ़ती मुद्रास्फीति और कमोडिटी कीमतों के चलते लिया गया है। कंपनी ने कहा है कि वह इन अतिरिक्त लागतों को अधिकतम सीमा तक वहन करने का प्रयास कर रही है, लेकिन बढ़ती लागतों का एक हिस्सा ग्राहकों पर डाला जाएगा। महिंद्रा ने स्पष्ट किया कि एसयूवी और सीवी की कीमतों में यह वृद्धि 3 प्रतिशत तक हो सकती है।

### आईसीईएक्स को शेयर बाजार से बाहर निकलने की अनुमति

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को इंडियन कमोडिटी एक्सचेंज (आईसीईएक्स) को शेयर बाजार से बाहर निकलने की अनुमति दे दी। गौरतलब है कि दो साल पहले इसकी मान्यता वापस ले ली गई थी। यह कदम आईसीईएक्स के नियामकीय आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद उठाया गया है। इसके अलावा नियामक ने आईसीईएक्स को आयकर अधिनियम, 1961 के तहत अपने कर दायित्वों का पालन करने, अपना नाम बदलने, 'स्टॉक एक्सचेंज' शब्द का उपयोग न करने और अपने मंच पर पिछले वर्षों के सभी लेन-देन का डेटाबेस बनाए रखने का निर्देश दिया है। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि उसने आईसीईएक्स की मूल्यांकन रिपोर्ट, अनुपालन प्रस्तुतियां और कथनों की समीक्षा की है।

# सपाट बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

## अमेरिका में खर्च बढ़ने से आईटी शेयर लाभ में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को स्थिर रुख के साथ बंद हुए। किसी ठोस संकेतक के अभाव में निवेशक बाजार से दूर रहे। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1.59 अंक की नाममात्र बढ़त के साथ 81,510.05 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक स्थिर खुला और कारोबार के दौरान, एक समय यह 217.88 अंक बढ़कर 81,726.34 अंक तक पहुंच गया था। हालांकि, बाद के कारोबार में मुनाफावसूली से इसमें 325 अंक की गिरावट आई और यह नीचे में 81,508.46 अंक तक आया। निफ्टी में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 8.95 अंक के साथ 24,610.05 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू बाजार स्थिर बंद हुए। निचले स्तर से बाजार में सुधार गिरावट पर खरीद की रणनीति को दर्शाता है...मझोली और छोटी कंपनियों से जुड़े सूचकांकों समेत अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों का प्रदर्शन अच्छा रहा।



### इंफोसिस रहा लाभ में

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और टाइटन लाभ में रहे।

### अदाणी पोर्ट रहा नुकसान में

दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, अदाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं।



### भारत 2025 में भी मजबूत वृद्धि जारी रखेगा :एसएंडपी

**नई दिल्ली।** भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में 'मजबूत वृद्धि' के लिए तैयार है और मुद्रास्फीति का दबाव कम होने पर आरबीआई मौद्रिक नीति में ''मामूली'' ढील दे सकता है। साख निर्धारण करने वाली एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने 2025 के लिए भारत के अपने परिदृश्य में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के वृद्धि दर अनुमान को 6.8 प्रतिशत और 2025-26 के लिए 6.9 प्रतिशत पर कायम रखा है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स के अर्थशास्त्री विश्रुत राणा ने कहा, '' मजबूत शहरी खपत, सेवा क्षेत्र में स्थिर वृद्धि तथा बुनियादी ढांचे में जारी निवेश के दम पर भारतीय अर्थव्यवस्था 2025 में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है।'' राणा ने कहा, '' हम उम्मीद करते हैं कि मुद्रास्फीति संबंधी दबाव कम होने पर केंद्रीय बैंक 2025 के दौरान मौद्रिक नीति में मामूली ढील देगा।''

# हल्दीराम में हिस्सेदारी लेने की दौड़ में तीन कंपनियां शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तीन कंपनियां हल्दीराम स्नैक्स फूड में 15 से 20 प्रतिशत की अल्पांश हिस्सेदारी हासिल करने की दौड़ में शामिल है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। हल्दीराम स्नैक्स फूड देश की सबसे बड़ी पैकेटबंद स्नैक और मिठाई कंपनी है। इसके अलावा यह रेस्तरां भी चलाती है। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। ब्लैकस्टोन और बेन कैपिटल की अगुवाई वाले गठजोड़ पहले ही हिस्सेदारी लेने की दौड़ में थे। इसके अलावा अब अल्फा वेव ग्लोबल के आने से यह प्रतिस्पर्धा त्रिकोणीय बन गयी है।



### आईपीओ लाने पर भी विचार

हल्दीराम स्नैक्स फूड के प्रवर्तक कंपनी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने पर भी विचार कर सकते हैं। हल्दीराम स्नैक्स फूड हल्दीराम परिवार के दो हिस्सों - दिल्ली और नागपुर का संयुक्त व्यवसाय है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण ने दोनों हिस्सों के विलय की प्रक्रिया को मंजूरी दे दी है, जबकि अन्य नियामकीय मंजूरियों का इंतजार है।

## ग्लोबल ट्रेडिंग फर्म जेन स्ट्रीट ने मद्रास के छात्र को हांगकांग में किया जॉब आफॅर

# आईआईटी के छात्र को ट्रेडिंग फर्म ने दिया 4.3 करोड़ का पैकेज


एजेंसी ▶▶| मुंबई

ग्लोबल ऑप्शन ट्रेडिंग कंपनी जेन स्ट्रीट ने आईआईटी मद्रास के एक विद्यार्थी को हांगकांग में पोस्टिंग के साथ ही 4.3 करोड़ सालाना का प्री प्लेसमेंट ऑफर दिया है। इस विद्यार्थी की पढ़ाई भी पूरी नहीं हुई है। फिर भी यह इस साल के प्लेसमेंट सीजन का अभी तक का सबसे बड़ा जॉब ऑफर है। इससे पता चलता है कि ऑप्शन ट्रेडिंग दिमाग से ज्यादा तकनीक का खेल है। जहां ग्लोबल ट्रेडिंग कंपनियां हाई क्वालिटी एल्गोरिदम की बदौलत मालामाल हो रही हैं, वहीं रिटेल ट्रेडर्स हाई रिस्क-हाई रिवार्ड के झांसे में आकर नुकसान झेल रहे हैं।

- इस साल के प्लेसमेंट सीजन का अभी तक का सबसे बड़ा जॉब ऑफर

### क्वांटिटेटिव ट्रेडर की मिलेगी नौकरी

जेन स्ट्रीट ने प्री प्लेसमेंट ऑफर के तहत स्टूडेंट को हांगकांग में क्वांटिटेटिव ट्रेडर पोस्ट का ऑफर दिया है। वह कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग का छात्र है। जिस स्टूडेंट को यह ऑफर दिया गया है, वह उन कुछ लोगों में एक है, जिसने पहले इस फर्म में इंटर्नशिप की थी।



### 93 फीसदी रिटेल ट्रेडर्स को होता है नुकसान

ऑप्शंस ट्रेडिंग को जल्दी और ज्यादा लाभ वाला ट्रेडिंग बताया जाता है। लेकिन यह टोटल सम जीरो वाला गेम है, जहां कुछ लोगों के लाभ का सीधा नुकसान दूसरों को होता है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) द्वारा किए गए एक अध्ययन ने इस क्षेत्र में रिटेल निवेशकों की कठिनाइयों को उजागर किया है। सेबी के अध्ययन के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 से 2024 के बीच 93 फीसदी रिटेल ट्रेडर्स को ऑप्शंस बाजार में नुकसान हुआ। औसतन हर निवेशक ने दो लाख रुपए गंवाए।

### हाईटेक सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहे

रिटेलर्स की नुकसान की बदौलत बड़ी कंपनिया जमकर मुनाफा कमा रही हैं। इनके हाईटेक सॉफ्टवेयर ट्रेड को एक सेकेंड से भी कम में अमली जामा पहना देते हैं। फिर छोटे-छोटे लाभों को जमा कर अरबों का मुनाफा कमाते हैं। जेन स्ट्रीट जैसी कंपनियां इसकी उदाहरण हैं। व्यक्तिगत निवेशकों के लिए यह बाजार अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास ऐसी उन्नत तकनीकी साधन नहीं होते।

# साल 2024 : धवन, वार्नर सहित कई दिग्गज क्रिकेट खिलाड़ियों ने लिया संन्यास


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल क्रिकेट जगत में कई दिग्गज खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज डेविड वार्नर से लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के शिखर धवन तक, कई प्रमुख सितारों ने 2024 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर पर पूर्ण विराम लगा दिया। इनके अलावा कुछ खिलाड़ियों ने एक या 2 प्रारूपों से भी संन्यास लिया। इस बीच 2024 में संन्यास लेने वाले प्रमुख खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।

## डेविड वार्नर


टी-20 विश्व कप 2024 में ऑस्ट्रेलियाई टीम सेमीफाइनल में हारकर बाहर हुई और यह वार्नर के अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मैच साबित हुआ था। 2009 में अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज करने वाले वार्नर ने 110 मैचों में 33.43 की औसत से 3,277 रन बनाए थे। उन्होंने अपना वनडे करियर में 161 मुकाबलों में 45.30 की औसत और 97.26 की स्ट्राइक रेट से 6,932 रन बनाए थे। अपने टेस्ट करियर में उन्होंने 112 मैचों में 8,786 रन बनाए थे।

## शिखर धवन



कुछ समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे धवन ने अगस्त 2024 में संन्यास लिया था। उन्होंने 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे। टेस्ट में उन्होंने 40.61 की औसत से 2,315 रन बनाए, जिसमें 7 शतक शामिल थे। वनडे में उन्होंने 167 मैच में 17 शतक और 39 अर्धशतक के साथ 6,793 रन बनाए थे। उनकी औसत 44.11 की रही है। टी-20 में उनके नाम 68 मैच में 27.92 की औसत से 1,759 रन हैं।

## दिनेश कार्तिक



दिनेश कार्तिक ने जून 2024 में संन्यास लिया था। उन्होंने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 26 टेस्ट, 94 वनडे और 60 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे। टेस्ट क्रिकेट में इस खिलाड़ी के नाम 25 की औसत से 1,025 रन थे। इसी तरह वनडे में उनके नाम 30.20 की औसत से 1,752 रन दर्ज हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने 60 मैच की 48 पारियों में 26.38 की औसत और 142.61 की स्ट्राइक रेट से 686 रन अपने नाम किए थे।

## उतार-चढ़ाव भरा रहा इनका कॅरियर



### विराट-रोहित ने टी-20 से लिया संन्यास


भारत से विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने सिर्फ टी-20 प्रारूप से संन्यास लिया था। न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो, इंग्लैंड के डेविड मलान ने सभी प्रारूपों से संन्यास लिया था।

## जेम्स एंडरसन




इंग्लैंड के दिग्गज जेम्स एंडरसन ने जून 2024 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का समापन किया था। उन्होंने लॉर्ड्स के मैदान पर वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट खेला था। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 188 मैचों में 26.45 की औसत से 704 विकेट चटकाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7/42 विकेट का रहा था। वह टेस्ट प्रारूप में तीसरे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने इंग्लिश टीम ने 194 वनडे और 19 टी-20 मैच भी खेले थे।

## मोईन अली



इंग्लैंड के मोईन अली ने सितंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। उन्होंने 68 टेस्ट की 118 पारियों में 8 बार नाबाद रहते हुए 3,094 रन बनाए थे। गेंदबाजी में उन्होंने 37.31 की औसत से 204 विकेट लिए थे। अपने वनडे करियर में उन्होंने 138 मैच में 24.27 की औसत से 2,355 रन बनाए थे। गेंदबाजी में उन्होंने 111 विकेट झटके थे। उन्होंने 92 टी-20 मैचों में 21.18 की औसत से 1,229 रन बनाए थे।

## इन प्रमुख खिलाड़ियों ने भी लिया संन्यास



दक्षिण अफ्रीका के डीन एल्गार और न्यूजीलैंड के नील वैग्नर ने इसी साल सभी प्रारूपों से संन्यास लिया था। भारत से सौरभ तिवारी, वरुण आरोन, रिधिमान साहा, सिद्धार्थ कौल और केदार जाधव ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था।

## खबर संक्षेप

### आईसीसी ने सनी ढिल्लों पर छह साल का प्रतिबंध लगाया

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अबुधाबी टी10 लीग में एक फ्रेंचाइजी के पूर्व सहायक कोच सनी ढिल्लों को मैच फिक्स करने के प्रयास के लिए मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से छह साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया। ढिल्लों पर पिछले साल आरोप लगाया गया था। उनका प्रतिबंध 13 सितंबर 2023 से लागू माना जाएगा जब उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था।

### इंग्लैंड 5 लाख रन बनाने वाली दुनिया की पहली टीम बनी



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला गया। दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड ने एक अनोखा और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इंग्लैंड दुनिया की पहली टीम बनी है, जिसने टेस्ट क्रिकेट में 5 लाख रन बना लिए हैं। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच साल 1877 में खेला था। कीवी टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में वह 2-0 से आगे चल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर : इंग्लैंड ने 1,082 टेस्ट खेले हैं। उसे 399 मुकाबलों में जीत और 327 मैचों में हार मिली है। 355 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। इंग्लैंड के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में ऑस्ट्रेलिया है। उनके नाम 4,28,000 से अधिक रन हैं।

### अफगानिस्तान ने ट्रॉट का अनुबंध एक साल और बढ़ाया

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अपनी राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच जोनाथन ट्रॉट का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है और इस तरह से वह 2025 में भी अपनी इस भूमिका को निभाएंगे। यह घोषणा अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से कुछ महीने पहले की गई है। अफगानिस्तान पहली बार इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगा। इंग्लैंड के 43 वर्षीय पूर्व बल्लेबाज ट्रॉट ने जुलाई 2022 में अफगानिस्तान के मुख्य कोच का पद संभाला था।

## पर्थ में वनडे सीरीज का अंतिम मैच आज सुबह 8.50 बजे से

# सीरीज जीती ऑस्ट्रेलियाई टीम में उत्साह क्लीन स्वीप से बचने भारत करेगा कोशिश

एजेंसी ▶▶ पर्थ

पहले दो मैच में करारी हार से आहत भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में क्लीन स्वीप से बचने और अगले साल होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी। सात बार के विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया ने अभी तक तीन मैच की श्रृंखला में पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा है और सीरीज में 2-0 से बढ़त हासिल कर रखी है। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 8.50 बजे शुरू होगा।

भारत ने तीनों विभाग बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन किया है। दूसरे वनडे में रिकॉर्ड 122 रन की हार से भारत की कमजोरी का पता चलता है। इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन टीम किसी भी समय 372 रन के लक्ष्य तक पहुंचने की स्थिति में नहीं दिखी। भारतीय टीम इस साल के शुरू में टी20 विश्व कप में जल्दी बाहर हो गया था और तब से हरमनप्रीत की बल्लेबाजी और कप्तानी पर नजर रखी जा रही है।



### कप्तान हरमन व उपकप्तान स्मृति ने किया निराश

भारत को सबसे अधिक निराश उसकी दो स्टार बल्लेबाजों कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप कप्तान स्मृति मंधाना ने किया है। मंधाना ने अक्टूबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़ा था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 17 रन ही बना पाई है। इस सलामी बल्लेबाज की निगाह फॉर्म में लौटने पर टिकी होगी। हरमनप्रीत अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रही है। उन्होंने दो मैच में 57 रन बनाए हैं।

### शेफाली की जगह ऋचा कर रहीं अच्छा प्रदर्शन

लगातार खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर की गई शेफाली वर्मा की अनुपस्थिति में भारतीय टीम ने कुछ अलग संयोजन आजमाए लेकिन उसकी तरफ से अभी तक रिचा घोष ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई है। रिचा ने दूसरे वनडे में 54 रन बनाए जो वर्तमान श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वोच्च स्कोर है।

### तीनों विभागों में भारत का लचर प्रदर्शन

पहले वनडे में भारत के केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक में पहुंच पाए थे। भारतीय गेंदबाजों का प्रदर्शन भी अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उनका अपनी गेंद पर नियंत्रण नहीं रहा है। इस बीच क्षेत्ररक्षकों ने कैच टपका कर उनकी परेशानी बढाई। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने अभी तक दो शतक और दो अर्धशतक लगाए हैं। इससे पता चलता है कि भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए कितना संघर्ष कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया का बेहतर प्रदर्शन

जहां तक ऑस्ट्रेलिया का सवाल है तो उसने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। स्टार बल्लेबाज एलिसा हीली की अनुपस्थिति में ऑस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया वोल को पदार्पण का मौका दिया। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज ने पहले मैच में नाबाद 46 और दूसरे मैच में 101 रन बनाकर चयनकर्ताओं के फैसले को सही साबित किया।

### टीम इस प्रकार हैं

**भारतीय एकादश :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रिया पुनिया, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देयोल, उमा छेत्री, ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, दीप्ति शर्मा, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर और साइमा ठाकुर।

**ऑस्ट्रेलिया एकादश**
ताहलिया मैक्ग्रा (कप्तान), एशले गार्डनर (उप-कप्तान), डार्सी ब्राउन, किम गार्थ, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल और जॉर्जिया वेयरहैम।

# आईसीसी ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग पर लगाया प्रतिबंध



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अमेरिका की नेशनल क्रिकेट लीग को बैन कर दिया। आईसीसी ने इस संबंध में यूनाइडेट स्टेट ऑफ अमेरिका क्रिकेट को एक चिट्ठी लिखी है और भविष्य में टूर्नामेंट की मंजूरी नहीं देने की जानकारी दी है। आईसीसी ने इस टूर्नामेंट में प्लेइंग-11 से जुड़े नियमों का पालन नहीं होने की वजह से ये कार्रवाई की है। टी-10 फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट में 6-7 विदेश खिलाड़ी भी खेले थे। इसके अलावा नेशनल क्रिकेट लीग ने वसीम अकरम और विव रिचर्ड्स जैसे क्रिकेट खिलाड़ियों को ब्रांड एंबेस्डर बनाया था। वहीं, सचिन तेंदुलकर और सुनील गावस्कर को ओनरशिप ग्रुप में जोड़ा था।

### पहले संस्करण में शिकागो ने जीता खिताब

नेशनल क्रिकेट लीग का पहला संस्करण 4 से 14 अक्तूबर के बीच खेला गया था। इसमें रॉबिन उथप्पा की कप्तानी वाली शिकागो सीसी ने अटलांटा किंग को 43 रन से हराकर पहला खिताब जीता था। सचिन तेंदुलकर टूर्नामेंट के प्राइज डिस्ट्रिब्यूशन सेरेमनी के दौरान मौजूद रहे थे।

### एनसीएल में किन नियमों का हुआ उल्लंघन?

आईसीसी के नियमों के मुताबिक, नेशनल क्रिकेट लीग में हिस्सा लेने वाली हर टीम को प्लेइंग-11 में कम से कम 7 अमेरिकी खिलाड़ी होने चाहिए लेकिन कई मुकाबलों में 6-7 विदेशी खिलाड़ियों को खिलाया गया था। इस टूर्नामेंट के दौरान ड्रॉप-इन विकेट का इस्तेमाल किया गया था जो बहुत खराब थीं। विकेट इतने खराब थे कि वहाब रियाज और टाइमल मिल्स जैसे तेज गेंदबाजों को स्पिन बॉलिंग करनी पड़ी थी।

### अमेरिका के आव्रजन नियमों को भी तोड़ा

नेशनल क्रिकेट लीग के अधिकारियों ने विदेशी प्लेयर्स को मौका देने के लिए अमेरिका के आव्रजन नियमों को भी तोड़ा था। अमेरिका में खेल कैटेगरी के वीजा के लिए 6 टीमों के लिए कम से कम 2 लाख यूएस डॉलर लगते हैं। पैसे बचाने के लिए कई खिलाड़ी स्पोर्ट्स वीजा से नहीं आए थे। इस लीग में सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक और शाहिद अफरीदी जैसे पूर्व क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया था।

# टीम इंडिया ने जीते 26 में से 24 टी-20 मैच, जीतीं सभी सीरीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



यह साल टी-20 प्रारूप में भारतीय क्रिकेट टीम के लिए बड़ा शानदार रहा। इस साल जून में भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब अपने नाम किया। यह इतिहास में भारतीय टीम का सिर्फ दूसरा टी-20 खिताब रहा। इसके अलावा द्विपक्षीय सीरीज में भी विश्व विजेता टीम का वर्चस्व देखने को मिला। इस साल 2024 में भारतीय टीम ने बेमिसाल सफर तय कर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी।

### 26 में से 24 टी-20 मैच जीते

भारत ने इस साल 26 में से 24 टी-20 मैच जीते और सिर्फ 2 में शिकस्त का सामना किया। इसके साथ ही भारतीय टीम एक कलैंडर वर्ष में सर्वाधिक जीत दर्ज करने वाली टीम (कम से कम 15 मैचों वाली सूची में) बनी। भारत एक कैलेंडर वर्ष में सबसे बेहतरीन जीत प्रतिशत (92.31) वाला देश बना। भारत ने इस मामले में पाकिस्तान के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा, जिसने 2018 में 19 में से 17 मैच (जीत प्रतिशत- 89.47) जीते थे।

### जीती अपनी सभी टी-20 सीरीज

भारत ने इस साल 5 टी-20 द्विपक्षीय सीरीज खेली और सभी में जीत दर्ज की। साल की शुरुआत में भारत ने अफगानिस्तान को 3-0 से हराया। इसके बाद जुलाई में जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम को उसके घर पर 4-1 से शिकस्त दी। जुलाई में ही श्रीलंका दौरे पर भारतीय टीम ने 3-0 से सीरीज जीती।

## न्यूजीलैंड बनाम इंग्लैंड

# तीसरे टेस्ट से बाहर हुए कॉनवे मार्क चैपमैन को मिला मौका



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के डेवोन कॉनवे इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 14 दिसंबर से खेले जाने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। दरअसल, वह जल्द ही पिता बनने वाले हैं और उन्होंने वेलिंगटन में ही रहने का फैसला किया है।

■ 14 दिसंबर से शुरू होना है तीसरा व अंतिम टेस्ट मैच

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने इस खबर की पुष्टि करते हुए अपनी खुशी जाहिर की है। इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट के लिए कॉनवे की जगह मार्क चैपमैन को टीम में शामिल किया गया है। चैपमैन ने अब तक टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अब तक 45 प्रथम श्रेणी मैचों में 46.14 की औसत के साथ 3,230 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 7 शतक और 17 अर्धशतक लगाए हैं।

### मार्क चैपमैन को टीम में मिला मौका

मार्क चैपमैन ने हाल ही में प्लंकेट शील्ड टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसके चलते उनका चयन हुआ है। टीम के कोच स्टीड ने कहा, चैपमैन हाल ही में भारत में टेस्ट टीम के साथ थे और प्लंकेट शील्ड में 276 रन बनाकर लौटे। इसलिए उनके लिए हमारे साथ जुड़ने का यह अच्छा समय है।

### खराब फॉर्म में चल रहे थे कॉनवे

कॉनवे अच्छी फॉर्म में नहीं चल रहे थे। उन्होंने सीरीज के पहले टेस्ट में 2 और 8 रन के स्कोर किए थे। इसके बाद दूसरे दूसरे टेस्ट में 11 और 0 रन के स्कोर किए थे। अपने टेस्ट करियर में उन्होंने 27 मैच खेले, जिसमें 36.72 की औसत के साथ 1,836 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 200 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 4 शतक और 11 अर्धशतक लगाए हैं।

# विश्व शतरंज चैंपियनशिप: लिरेन के खिलाफ वापसी करने उतरेंगे गुकेश

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश महत्वपूर्ण बढ़त गंवाने के बाद बुधवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 13वीं बाजी में जब गत चैंपियन डिंग लिरेन से भिड़ेंगे तो उन्हें वापसी करने के अपने दृढ़ संकल्प पर भरोसा करना होगा।

सबसे कम उम्र के चैलेंजर 18 वर्षीय गुकेश और चीन के 32 वर्षीय लिरेन के बीच दिलचस्प मुकाबला चल रहा है जिसमें कोई भी खिलाड़ी लंबे समय तक अपनी बढ़त कायम नहीं रख पाया है। अब जबकि दो दौर का खेल होना बाकी है तब दोनों खिलाड़ियों के पास मौका है। एक दिन के विश्राम के बाद दोनों खिलाड़ी बुधवार को फिर से एक दूसरे का सामना करेंगे।

### 14 दौर के बाद स्कोर 6-6 बराबरी पर

इस 14 दौर के मुकाबले में 12 दौर के बाद स्कोर 6-6 से बराबर है और जो भी खिलाड़ी सबसे पहले 7.5 तक पहुंचेगा वह विश्व चैंपियन बन जाएगा। अगर 14 दौर के बाद भी स्कोर बराबर रहता है तो फिर टाइब्रेक का सहारा लिया जाएगा। गुकेश के पास 11वीं बाजी जीतने के बाद 7.5 के जादुई अंक तक पहुंचने का मौका था लेकिन वह अगली बाजी हार गए।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन के सभी टिकट बिके

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन (बॉक्सिंग डे) के सभी टिकट बिक गए हैं जिससे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच मैच की इस श्रृंखला के प्रति लोगों की दिलचस्पी का पता चलता है। टिकटों की यह भारी मांग ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला में शानदार वापसी के बाद देखने को मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि 24 दिसंबर को आम जनता के लिए कुछ और टिकट जारी किए जा सकते हैं।

फ्लैट बेचना है किराये से देना है
शंकर नगर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें :-
मो. : 9977345867



हम सभी अपनी जिंदगी के कुछ सबसे खुशगवार सालों के बारे में सोचते हैं, तो हमें अपने स्कूल के दिन याद आ जाते हैं। कितने बेफ़िक्र और मासूम होते थे वो दिन, जब पढ़ाई और दोस्तों से अलग हमारी कोई दुनिया ही नहीं होती थी।

# फिर से जाना चाहते हैं स्कूल? यहां मिल रहा है शानदार मौका

एजेंसी ▶▶| टोक्यो

पूरा दिन स्कूल में गुजारने के बाद अगले दिन का बेसब्री से इंतज़ार शुरू हो जाता था। हालांकि, बड़े होने के साथ ही चीज़ें बदल जाती हैं लेकिन यादें फिर भी रह जाती हैं।

स्कूल की जिंदगी होती ही ऐसी होती है कि आपको ये हमेशा याद रहती है। कई बार मन होता है कि वो दिन फिर लौट आते। अब वक्त तो वापस नहीं आता, लेकिन ये एक्सपीरियंस आप दोबारा ले सकते हैं। जापान में एक कंपनी यहां आने वाले सैलानियों को ये मौका दे रही है कि वो एक दिन के लिए स्कूल लाइफ जी सकें।



## फिर से स्कूल जाने का मौका

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक जापान की कंपनी **Undokaiya** ने यहां आने वाले सैलानियों के लिए एक प्रोग्राम लॉन्च किया है, जिसका नाम '**Your High School**' रखा गया है। इसके तहत जापान में घूमने आने वाले लोगों को जापान के सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने का मौका दिया जाता है। एक एक दिन का प्रोग्राम होता है और पूरा कोर्स इंग्लिश में संचालित होता है। इसमें उन्हें पहनने के लिए स्कूल यूनिफॉर्म दी जाती है, उन्हें क्लब एक्टिविटीज कराई जाती हैं और वैसा ही एक्सपीरियंस दिया जाता है, जो वे जापानी टीवी सीरीज में देखते आए हैं। उन्हें जापान के स्कूल कल्चर से परिचित कराया जाता है।



## कितना है 'स्टूडेंट' बनने का चार्ज


आपको एक दिन के लिए छात्र बनने का मौका कुल 30 हजार येन यानी 17 हज़ार रुपए खर्च करने के बाद मिलेगा। इसके बाद उन्हें क्लास अलॉट की जाएगी और एक दिन में 30 लोगों को छात्र बनाया जाएगा। ये आपकी मर्जी होगी कि आप क्लासिक यूनिफॉर्म पहनेंगे या फिर सूट। आपके सामने टीचर होंगी और क्लास में आपको कैलियोग्राफी सिखाई जाएगी। उन्हें क्लास के बीच डिज़ास्टर ड्रिल, एमरजेंसी स्किल और ट्रेडिशनल डांस भी सिखाया जाएगा। लंच के बाद उन्हें खेल-कूद कराया जाएगा। मनोरंजन की कमी न हो, ऐसे में कुछ बदमाश बच्चे भी आएंगे, जो परेशान भी करेंगे। हां, आखिर में क्लास की सफाई भी करनी होगी, जो जापानी स्कूलों की शिक्षा का अहम हिस्सा है।

हैरानी

क्या है इस अजीब परंपरा की वजह?

# न्यू ईयर पर यहां जमा होते हैं सैकड़ों लोग, बर्फीले पानी में लगाते हैं डुबकी!

जिस मौसम में लोग नहाने से भी कतराते हैं, उस मौसम में लोग बर्फीले पानी में डुबकी लगाते हैं! ये सुनकर आपको बेशक हैरानी हुई होगी, पर कनाडा में एक जगह है, जहां सैकड़ों लोग हर साल नए साल की शुरुआत में जुटते हैं और एक अजीबोगरीब परंपरा का हिस्सा बनते हैं।



एजेंसी ▶▶| ओटावा

ये लोग इस जगह पर आकर बर्फीले पानी में डुबकी लगाते हैं। आप भी जानते होंगे कि बर्फ से ठंडे पानी में नहाने से क्या-क्या समस्याएं पैदा हो सकती हैं। तो फिर लोग ऐसी अजीब परंपरा का हिस्सा क्यों बनते हैं और ये शुरू कब से हुई? चलिए आपको बताते हैं। आपको बता दें कि इस डुबकी लगाने की परंपरा को 'पोलर बियर डिप' कहते हैं। इसका आयोजन हर साल 1 जनवरी को कनाडा के ओकविले शहर के लेक ओनटारियो में होता है। ये परंपरा ज्यादा पुरानी नहीं है। इसे 39 साल हो चुके हैं और 1 जनवरी 2025 को इस परंपरा को 40 साल पूरे हो जाएंगे। इस ट्रेडिशन के लिए एक वेबसाइट भी बनाई गई है, जिसपर जाकर लोग रेजिस्टर कर सकते हैं। रेजिस्ट्रेशन का चार्ज है 20 डॉलर (करीब 1600 रुपए)।

## साफ पानी के लिए भाइयों ने छेड़ी मुहिम

बस वहीं ये से प्रथा शुरू हो गई। अगले साल कई अन्य लोग वहां जुटे और धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ने लगी। जब भाइयों को लगा कि अब काफी लोग वहां पर आने लगे हैं तो उन्होंने सोचा कि इस परंपरा को एक अच्छे काम से जोड़ा जाए। तब उन्होंने 1995 में वर्ल्ड विजन कनाडा के साथ मिलकर विकासशील देशों के लिए साफ पानी के इंतजाम को लेकर एक फंड बनाया। अब हर साल यहां के लिए जो रेजिस्ट्रेशन होता है, उसके साथ लोगों से कुछ योगदान भी मांगा जाता है। उसे फंड में डाल दिया जाता है। तब से लेकर अभी तक करीब 11 करोड़ रुपए जुटा लिए गए हैं।



## 40 साल पहले शुरू हुई थी परंपरा

इस कार्यक्रम में लाइव म्यूजिक, खाने-पीने की सुविधा, नाच-गाना भी होता है। पर सवाल ये उठता है कि आखिर इस प्रथा की शुरुआत कैसे हुई। करेज पोलर बियर डिप की शुरुआत 1 जनवरी 1985 को हुई थी। गाये करेज नाम की एक महिला ने नए साल के पहले दिन अपने दो बेटों टॉड और ट्रेंट को जल्दी नहाने को कहा. पर वो जा नहीं रहे थे. तब उन्होंने लड़कों को चैलेंज दिया कि वो इस मौसम में झील में जाकर डुबकी लगाएं, जिससे उनकी नींद खुल जाएगी और वो उन्हें बहादुर मान लेंगी। अब बच्चों को अगर चैलेंज दे दिया जाए, तो वो मौज-मस्ती में उसे अपना ही लेते हैं। दोनों लड़कों ने अपने कुछ दोस्तों के साथ इस चैलेंज को अपना लिया और बर्फीले पानी में जाकर कूद गए।

# 'आपके मरने की तारीख है ...' मौत की 'भविष्यवाणी' करता है ये ऐप

**लंदन**। दुनिया पहले से अब काफी बदल चुकी है। पहले जहां हम ज्यादातर चीज़ों के लिए इंसानों पर निर्भर करते थे, वहीं अब ये सारी चीज़ें मशीनों और ऐप्लिकेशन पर डिपेंड हो चुकी हैं। यहां तक कि हम कुंडली बनाने और अपने जीवन में आगे क्या होगा, ये भी सॉफ्टवेयर और ऐप्लिकेशन के ज़रिये ही जान लेते हैं। इसमें जो सबसे अहम भूमिका निभा रहा है, वो है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस।





अब तक आपने देखा होगा कि भविष्य बताने वाले ज्यातिषी ही हमारे आने वाले जीवन और मृत्यु के बारे में जानकारी देते हैं। हालांकि, अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़रिये भी इंसान के मरने सटीक भविष्यवाणी की जा रही है। लाखों लोग इस ऐप का इस्तेमाल भी कर रहे हैं, जो डाउनलोड होते ही बताने लगता है कि आपकी ज़िंदगी के कितने दिन बाकी बचे हुए हैं।




# जानिए कौन थे डायनामाइट का आविष्कार करने वाले अल्फ्रेड नोबेल?

**लंदन**। नोबेल ने पुरस्कारों की स्थापना करने की कोई वजह नहीं बताई, लेकिन यह व्यापक तौर पर माना जाता है कि अल्फ्रेड ने युद्ध में अपने आविष्कारों के बढ़ते घातक इस्तेमाल पर नैतिक खेद की वजह से ऐसा किया था। स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल का 10 दिसंबर 1896 में निधन हुआ था। उनका जन्म 21 अक्टूबर 1933 में हुआ था। अल्फ्रेड नोबेल अपने परिवार के साथ रूस केसेंट पीटर्सबर्ग चले गए थे। यहां पर उन्होंने रसायन विज्ञान, स्वीडिश, रूसी, अंग्रेजी, फ्रेंच और जर्मन भाषाएं सीखीं। अल्फ्रेड नोबेल ने डायनामाइट और अन्य उच्च विस्फोटकों का आविष्कार किया था। उनके परिवार ने पीटर्सबर्ग में कारखाना चलाया, जिसमें खदानों के विस्फोटक और अन्य सैन्य उपकरणों का निर्माण किया जाता था।



अल्फ्रेड नोबेल की याद में नोबेल पुरस्कार की शुरुआत की गई थी। पहला नोबल पुरस्कार 10 दिसंबर, 1901 को स्टॉकहोम, स्वीडन में भौतिकी, रसायन विज्ञान, चिकित्सा, साहित्य और शांति के क्षेत्र में दिया गया था। अल्फ्रेड नोबेल के निधन की पांचवीं वर्षगांठ पर यह समारोह आयोजित किया गया था।


## अब तक दिए गए हैं 627 नोबेल पुरस्कार

अभी तक एक हजार शख्सयित और संस्थाओं को कुल 627 नोबेल पुरस्कार दिए गए हैं। इनमें 66 महिलाएं भी शामिल हैं। हालांकि, नोबेल ने पुरस्कारों की स्थापना करने की कोई वजह नहीं बताई, लेकिन यह व्यापक तौर पर माना जाता है कि अल्फ्रेड ने युद्ध में अपने आविष्कारों के बढ़ते घातक इस्तेमाल पर नैतिक खेद की वजह से ऐसा किया था।




# उलझा रही है गणित की पहेली बड़े-बड़े भी नहीं सुलझा पाए

**नई दिल्ली**। अक्सर हम स्कूल में जो सबक बचपन में सीखे होते हैं, वो बड़े होकर भूल जाते हैं। ऐसे में जब कोई सवाल अचानक से हमारे सामने आ जाता है तो हम उसे सॉल्व करने की बेसिक ट्रिक ही भूल जाते हैं। कुछ ऐसा ही हो रहा है इंटरनेट पर वायरल हो रही एक पोस्ट के साथ। इसमें एक गणित का छोटा सा सवाल है, जो लोगों को उलझाए हुए है।




अब तक आपने नज़रों को भ्रमित करने वाली पहेलियां सॉल्व की हैं, लेकिन आज जो पहेली आपके सामने है। उसमें शुद्ध तौर पर आपको अपने दिमाग का इस्तेमाल करना है। थोड़ा कनफ्यूज़न हो लेकिन ये सवाल अगर आप बचपन का फॉर्मूला लगाकर सॉल्व करेंगे, तो ये झट से सॉल्व हो जाएगा।

**इस सवाल ने घुमा दिया दिमाग**

11-11 X 11+11

इस सवाल को सॉल्व करने के लिए आपको कुल 20 सेकंड का वक्त दिया जा रहा है। अगर आप सही फॉर्मूले का सही इस्तेमाल करेंगे, तो आपको जवाब तक पहुंचने में इतनी देर भी नहीं लगेगी, लेकिन अगर आप इसमें उलझ जाएंगे तो मुश्किल हो जाएगी।

## यूं सॉल्व होगा सवाल

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि ऐसे सवालों को सॉल्व करने के लिए एक खास नियम **BODMAS** की ज़रूरत होती है। अगर आपने इस नियम के इस्तेमाल से जवाब 121 हासिल किया है, तो आप वही गलती कर रहे हैं, जो ज्यादातर लोगों ने की है। इस सवाल का सही जवाब -99 होगा। कैसे? चलिए बताते हैं।

11-11 **X** 11+11

11-121+11

11-110

-99

ज्यादातर लोग इस बात को भूल जाते हैं कि 11 और 11 का गुणा करने के बाद जवाब -121 आ रहा है। वे इसे सीधा 11 से जोड़कर 11 घटाते हैं और जवाब 121 आता है, जो बेसिक गलती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com